## खबर संक्षेप

### तीन बालिकाओं को पुलिस ने किया दस्तयाब

**कटनी।** माधवनगर पुलिस द्वारा तीन गुमशुदा बालिकाओ को दस्तयाब किया है। तीनों बालिकाओं को सुरक्षित घर पहुंचा कर पुलिस ने तीन परिवारों की खुशियां लौटाई हैं। माधवनगर थाना क्षेत्र निवासी गुमशुदा लोगों की तलाश करते हुए माधव नगर पुलिस के द्वारा 16 वर्षीय नाबालिग को महेष्वर खरगौन से दस्तयाब किया गया। अपहता की दस्तयाबी में सहायक उप निरीक्षक यज्ञनारायण सिंह, प्रधान आरक्षक श्रीकांत सेन एवं आरक्षक पिंटू कुमार साव की विशेष भूमिका रही। इसके अलावा चौकी निवार थाना माधवनगर क्षेत्र की नाबालिग 16 वर्ष 4 मई 2025 को घर से बिना बताए कहीं चली गई थी। जिसे 24 घण्टे के अन्दर दस्तयाब कर उसके परिजनो को सौंपा गया। इस दस्तयाबी में सहायक उप निरीक्षक रमाकांत दुबे, आरक्षक अरविंद कुषवाहा की विशेष भूमिका रही। एक अन्य प्रकरण में 16 वर्षीय नाबालिग को 24 घण्टे के अन्दर गौरझामर, सागर से दस्तयाब कर उसके परिजनो को सौंपा गया। इस अपहता की दस्तयाबी में थाना प्रभारी गौरझामर सहायक उप निरीक्षक वैजयंती टेकाम, सहायक उप निरीक्षक संतोष सिंह एवं महिला आरक्षक वंदना पथरिया एवं साइबर सेल से आरक्षक प्रशांत की विशेष भूमिका रही।

### फरार स्थायी वारंटी को गिरफ्तार कर भेजा जेल

**कटनी।** बरही पुलिस ने एडीपीएस एक्ट में बीते 4 वर्ष से फरार चल रहे स्थाई वारंटी को शहडोल जिला के थाना पपोद से गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार एनडीपीएस एक्ट के मामले में लम्बे समय से फरार आरोपी स्थाई वारंटी कमलेश प्रसाद उर्फ कमल चौबे पिता द्वारका प्रसाद चौबे 30 साल निवासी ग्राम बिचपुरा सिहराहार थाना बरही की गिरफ्तारी हेतु लगातार प्रयास किया जा रहा था। आरोपी की तलाश के दौरान मुखबिर से सूचना मिली कि मामले का आरोपी पपोद में छिपकर फरारी काट रहा है, और पिंकअप चलाता है। सूचना पर 8 मई 2025 को पपोद से आरोपी कमलेश को गिरफ्तार कर न्यायालय पेश कर जेल भेजने की कार्यवाही की गई। संपूर्ण कार्यवाही थाना प्रभारी शैलेन्द्र सिंह यादव, प्र आर अजय पाठक, आर. विवेक श्रीवास्तव, की सराहनीय भूमिका रही।

### सिलौंडी से इंदिरा आवास कॉलोनी मार्ग हुआ जर्जर

**सिलौंडी।** सिलौंडी छोटी मढिया से इंदिरा आवास कॉलोनी जानें वाले मार्ग की हालत जर्जर हो चुकी है। पंच रघुवीर सिंह ने बताया मढिया छोटी से इंदिरा आवास कॉलोनी मार्ग किसानों मजदूरों के आने जाने का प्रमुख मार्ग हैं। प्रशासन से अनेक बार शिकायत के बाद भी कोई ध्यान नही दे रहा है। सिंचाई परियोजना वाले ठेकेदार ने भी अपनी पाइप लाइन डालने के लिए मार्ग खोदकर छोड़ दिया है कुछ जगह बहुत बहुत बड़े गढ़े हो चुके है। इस संबंध में सरपंच पंचों बाई ने बताया कि मार्ग की लंबाई लगभग 1.5 किलोमीटर होने के कारण इसकी अनुमानित लागत 25 लाख से ज्यादा होने के कारण ग्राम पंचायत मार्ग नही बना पर रही ।

### स्कूल के दरवाजे, चौखट व खिड़कियां ले गए चोर

**कटनी।** रंगनाथ नगर थाना क्षेत्र के शासकीय माध्यमिक शाला में



अज्ञात चोरों के द्वारा स्कूल के दरवाजे का ताला तोड़कर सामान चुरा ले गए हैं जिसकी शिकायत स्कूल प्रबंधन के द्वारा थाने में की गई है। रंगनाथ थाना प्रभारी नवीन नामदेव ने बताया कि शासकीय माध्यमिक शाला भार्गव के शिक्षकों द्वारा थाने में लिखित शिकायत मैं बताया कि अज्ञात चोरों के द्वारा स्कूल के दरवाजा का ताला तोड़कर स्कूल में मे लगी खिड़कियां चौखट दरवाजे चोरी कर लिए गए हैं। स्कूल शिक्षकों द्वारा अपने उच्च अधिकारियों को भी घटना की सूचना दी गई है पुलिस मामले की जांच कार्यवाही की बात कर रही है।

## संतोषजनक कार्य नहीं करने पर कलेक्टर ने नोटिस जारी कर सात दिवस में जवाब किया तलब

# लापरवाह 7 अधिकारियों पर लटकी कार्यवाही की तलवार

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

जल गंगा संवर्धन में रूचि नहीं लेने और विभागीय गतिविधियों का क्रियान्वोयन नहीं करने वाले सात विभागों के जिलाधिकारियों को कलेक्टरर दिलीप कुमार यादव ने कारण बताओ नोटिस जारी किया है। इस नोटिस का जवाब संबंधित अधिकारियों को 7 दिवस के भीतर प्रस्तुतत करने के निर्देश दिए गए हैं।

### इन्हें जारी किया गया नोटिस

जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में संतोषजनक कार्य नहीं करने पर जिन अधिकारियों को कारण बताओ नोटिस जारी किया गया है उनमें कार्यपालन यंत्री नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण, कार्यपालन यंत्री जल संसाधन विकास, महाप्रबंधक औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्सा,हन एवं सूक्म्त, लघु एवं मध्य,म उद्यम विभाग तथा कार्यपालन यंत्री लोक स्वास्् पा यांत्रिकी विभाग, उपसंचालक किसान कल्या ण तथा कृषि विभाग, सहायक संचालक उद्यानिकी विभाग और जिला शिक्षा अधिकारी शामिल है।

### दायित्वों का नहीं किया निर्वहन

जारी कारण बताओ नोटिस के अनुसार नर्मदा घाटी विकास प्राधिकरण को बांध स्थलों तथा अन्य विभागीय महत्व की संरचनाओं पर जल से संबंधित स्लोगन का अंकन कार्य, बांध, कंट्रोल स्ट्रक्चर एवं मुख्य नहर के हेड स्लूज के आस-पास झाड़ी, पेड़ पौधों की छटाई एवं साफ-सफाई कर स्थल का सौन्दर्यीकरण, विभाग अंतर्गत नहरों की वृहद साफ-सफाई और अनुरक्षण के कार्य, कॉलोनी में रिक्त स्थानों पर सघन पौधारोपण की तैयारी, जल की उपयोगिता एवं महत्व की जानकारी आम जनों तक पहुंचाने हेतु जल उपरोक्ता संथाओं के माध्यम से ग्रामीण स्तर पर अभियान तथा जल संवर्धन हेतु। बांध स्थल पर कृषकों की कार्यशाला का आयोजन का दायित्वं सौंपा गया था। जो नहीं कराया गया।

इसी प्रकार जल संसाधन विभाग को विभाग के अंतर्गत सभी प्रकार की नहरों को विलेज मेप पर राजस्व विभाग की सहायता से मार्क कर ₹शासकीय नहर₹ अंकित किया जाना, बांध तथा नहरों पर अतिक्रमण की स्थिति में अतिक्रमण मुक्त किया जाना, सभी 40 हजार किलोमीटर की नहर प्रणाली में घास, झाड़ी, छोटे पेड़-पौधे आदि की सफाई का कार्य किया जाना, नहर के अंतिम छोर पर जहां नहर समाप्त होकर किसी नाले में मिलती है उस स्थान पर किलोमीटर स्टोन लगाया जाना, मध्यम एवं लघु परियोजनाओं में रखरखाव एवं मरम्मत के अनुमत्य अपूर्ण कार्यों को सर्वोच्च प्राथमिकता के आधार पर पूर्ण करना, लघु जलाशय में रिसाव रोकने के लिये पडल तथा आवश्यक हर्टिंग कार्य, तालाब के पाल (बंड) की मिट्टी के कटाव अथवा क्षतिग्रस्त होने की स्थिति में पुनः निर्मित किये जाने का कार्य, तालाबों की पिचिंग, बोल्डर टो तथा घाट आदि के मरम्मत का कार्य, स्टापडेम, बैराज, वियर में गेट लगाना तथा मेनवाल, साईडवाल, की-वाल, एप्रॉन इत्यादि में मरम्मत/अतिरिक्त निर्माण कार्य, जल संरचनाओं के किनारों पर यथासंभव बफर जोन तैयार कर किनारों पर अतिक्रमण को रोकने के लिये फेंसिंग के रूप में वृक्षारोपण का कार्य, फ्लशबार की मरम्मत कार्य, स्लूस वेल की सफाई कार्य का कार्य सौंपा गया था। जिसे पूर्ण नहीं कराया गया।

अभियान के तहत महाप्रबंधक औद्योगिक नीति एवं निवेश प्रोत्सागहन एवं सूक्ष्म , लघु. और मध्योम उद्यम विभाग को औद्योगिक इकाईयों को रूफ वाटर आर्वेस्टिंग हेतु प्रेरित करना, विभाग अंतर्गत औद्योगिक क्षेत्रों तथा वृहद औद्योगिक इकाईयों में पौधारोपण की कार्य योजना तैयार करना, पौधारोपण अभियान हेतु सी.एस.आर. का दायित्व दिया गया था। जिसे पूर्ण नहीं किया गया।

इसी प्रकार लोक स्वा.स्थ्या यांत्रिकी को समस्त एकल नल जल योजनाओं के स्त्रोतों की जियोटेगिंग करने, चिह्नित तालाब एवं नदी नालों के अंदर अथवा उसके नजदीक में स्थित पेयजल स्त्रोतों के पुनर्भरण हेतु रिर्चाज साफ्ट संरचना निर्माण, नल जल योजनाओं के अंतर्गत पाईप लाईन लिकेज व टपकते नल सुधारना और पानी के अपव्यय के समस्याओं के निराकरण हेतु आवश्यक कदम उठाने का कार्य सौंपा गया था। जिसे करने में रूचि नहीं प्रदर्शित की गई।

किसान कल्यायण तथा कृषि विभाग को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि योजना के अव्यव ₹पर ड्रॉप मोर क्रॉपर₹ अंतर्गत कृषकों को स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सुविधा प्रदाय कर लाभांवित करना, बलराम तालाब बनाकर किसानों को लाभांवित करना का दायित्वु सौंपा गया था। लेकिन कोई ठोस प्रगति परिलक्षित नहीं हुई।

उद्यानिकी विभाग को प्रधानमंत्री राष्ट्रीय कृषि विकास योजना के अव्यव पर ड्रॉप मोर क्रॉपर₹ अंतर्गत कृषकों को स्प्रिंकलर एवं ड्रिप सुविधा प्रदाय कर लाभांवित करना, जिले के सभी विकासखण्डों में जल के उचित प्रबंधन हेतु सूक्ष्म सिंचाई के उपयोग पर कार्यशालायें आयोजित करना, विभागीय योजनाओं, अन्य विभागों से अभिसरण एवं निजी प्रयासों से प्रदेश में आम, अमरूद, नीबू, आंवला आदि फलदार पौधों के रोपण हेतु आवश्यक तैयारियां करना, प्रस्तावित पौधरोपण अभियान हेतु विभागीय नर्सरियों से 25 लाख से अधिक फलदार पौधों की व्यवस्था करना, मानसून के दौरान नदियों के तटों पर उद्यानिकी पौधारोपण की आयोजना तैयार कराने की जिम्मेतदारी दी गई थी। लेकिन इसे पूर्ण नहीं किया गया।

जबकि शिक्षा विभाग को विद्यालयों (कक्षा 9वीं से 12वीं में निम्न विषयों पर निबंध, पोस्टर, रंगोली, परिचिर्चा एवं संवाद का आयोजन, जल संरक्षण के क्षेत्र में कार्य करने वाले महत्वपूर्ण व्यक्ति, जल संरक्षण और संवर्धन का महत्व और इस हेतु उपाय, वृक्ष और जल संवर्धन के मध्य संबंध, विश्व जल दिवस, नदी को जानों, जल जागरूकता, जल संकट रोकने के उपाय, सभी शालाओं में पीने के पानी की समुचित व्यवस्था के लिए जल भंडारण टंकियों की साफ सफाई करना, गर्मियों के मौसम में विद्यार्थियों को ठंडा पेयजल उपलब्ध कराने हेतु मटकों की व्यवस्था करने का दायित्वं सौंपा गया था। इस मामले में वांछित प्रगति नहीं परिलक्षित हुई।

### निर्देशों की अव्हेलना

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव द्वारा समीक्षा के दौरान इन सभी विभागों द्वारा इस अभियान में कोई भी गतिविधियां एवं कार्य नहीं किये जाने और किये गए कार्यों को जानकारी से अवगत नही कराये जाने तथा जल गंगा संवर्धन अभियान के कार्यों में रूचि नहीं लेने, साथ ही इन कार्यों में प्रगति लाने हेतु कोई प्रयास नहीं किये जाना पाया गया। इन कृत्यों को वरिष्ठ अधिकारियों के निर्देशों की अवहेलना माना एवं म.प्र. सिविल सेवा आचरण नियम 1965 के विपरीत पाया गया जो कि शासकीय कार्यों के प्रति उदासीनता व लापरवाही का द्योतक है।

### कार्यवाही की जाएगी प्रस्तावित

जारी कारण बताओ नोटिस में कलेक्टर श्री यादव ने 7 दिवस के अंदर स्पष्टीकरण प्रस्तुत करने के निर्देश दिए। साथ ही समय-सीमा में जवाब संतोषप्रद अथवा प्रगति प्राप्त न होने की स्थिति में इन विभागों के जिलाधिकारियों के विरूद्ध अनुशासनात्मक कार्यवाही प्रस्तावित की जावेगी।

*38 करोड़ की लागत से बन रहे भवन में गुणवत्त का ध्यान रखने दिये निर्देश*

## कारीतलाई में निर्माणाधीन संदीपनी स्कूल भवन का कलेक्टर ने किया निरीक्षण

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव ने गुरूवार को ग्राम पंचायत कारीतलाई में 38 करोड़ 2 लाख रूपये की लागत से निर्माणाधीन संदीपनी विद्यालय (सीएम राईज स्कूल) के भवन का औचक निरीक्षण किया। इस दौरान जिला पंचायत के सीईओ शिशिर गेमावत भी मौजूद रहे।



कलेक्टर ने सीएम राईज स्कूल भवन निर्माण एजेंसी परियोजना क्रियान्वयन इकाई को निर्देशित किया कि तय समय-सीमा में गुणवत्तापूर्ण कार्य कराया जाना सुनिश्चित करें। यह निर्माणाधीन स्कूल भवन 3 मंजिला है। स्कूल में सभी जरूरी अत्याधुनिक सुविधायें छात्र-छात्राओं को मुहैया कराईं जायेगी। बताया गया कि स्कूल परिसर में ही बस पार्किंग, साइकल पार्किंग और कार पार्किंग के लिए भी पर्याप्त व्यवस्था मौजूद है। इसके अलावा स्कूल परिसर में खेल मैदान की सुविधा उपलब्ध है जिसमें छात्रों के फुटबाल, बास्केटबाल और बॉलीबाल खेलने की सुवधा मौजूद रहेगी। कलेक्टर श्री यादव ने स्कूल बस के स्कूल के अंदर प्रवेश हेतु पर्याप्त चौड़ा गेट बनाने के निर्देश दिए।

कलेक्टर ने मौके पर मौजूद जनपद पंचायत विजयराघवगढ़ के सीईओ को निर्देशित किया कि स्कूल परिसर से लगे कारीतलाई के शासकीय तालाब का मनरेगा योजनांतर्गत गहरीकरण एवं सौंदर्यीकरण कार्य करवाया जाना सुनिश्चित करें। ताकि गर्मियों में तालाब में पर्याप्त मात्रा में जलभराव हो सके और इससे तालाब के आस-पास के क्षेत्रों के भू-जल स्तर में भी बढ़ोतरी होगी। साथ ही इस तालाब के पानी से स्थानीय ग्रामीणो के रोजमर्रा की जिंदगी के लिए और मवेशियों के पीने के लिए पेयजल की उपलब्धता हो सकेगी।

निरीक्षण के दौरान एसडीएम विजयराघवगढ़ महेश मंडलोई, तहसीलदार विजयराघवगढ़ मनीष शुक्ला सहित अन्य अधिकारी और कर्मचारी मौजूद रहे।

## कलेक्टर ने दिया 2 लाख रूपए की अनुग्रह राशि का स्वीकृति पत्र



कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में ग्राम पंचायत कारीतलाई में आयोजित लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम जिवार पडवई निवासी प्रदीप कोल के लिए खुशियों का सबब बना। कलेक्टर ने स्वयं प्रदीप के पिता के निधन के बाद संबल योजना के तहत परिवार को मदद स्वरूप 2 लाख रूपये की अनुग्रह राशि का स्वीकृति पत्र प्रदान किया। ग्राम जिवार पडवई निवासी युवा प्रदीप कोल एक गरीब परिवार से आते हैं। उनका परिवार मेहनत–मजदूरी करके उदर–पोषण करता है। परिवार के ऊपर विपत्ति तब आई जब 5 मार्च 2024 को घर के मुखिया शिवप्रसाद कोल की मृत्यु हो गई। शिवप्रसाद की मृत्यु ने पहले से ही आर्थिक रूप से कमजोर परिवार को भावनात्मक रूप से भी तोड़ दिया। परिवार पर मुसीबतों का पहाड़ टूट पड़ा। घर की सारी जिम्मेदारी युवा प्रदीप के कंधों पर आ गई। शिवप्रसाद कोल का नाम मुख्यमंत्री जन कल्याण ( संबल) योजना 2 .0 में पंजीकृत था। उनकी मृत्यु के बाद योजना के तहत उनकी संबल अनुग्रह की 2 लाख रूपये की राशि स्वीकृत हुई।

**प्राचार्य सहित शिक्षक शिक्षिकाओं ने विद्यार्थियों को दी शुभकामनाएं**

## शारदा मॉडल स्कूल के छात्र छात्राओं ने उत्कृष्ट प्रदर्शन कर किया गौरवान्वित

हरिभूमि न्यूज ⏭ बड़वारा

माध्यमिक शिक्षा मंडल भोपाल द्वारा जारी परीक्षा परिणाम में बड़वारा के जाने माने स्कूल शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल में अध्ययनरत छात्र छात्राओं ने शानदार सफलता हासिल कर विद्यालय का नाम एवम ग्राम तथा क्षेत्र का रोशन किया है। गौरतलब है कि शारदा मॉडल हायरसेकेंडरी स्कूल श्रेष्ठ शिक्षा उत्तम संस्कार प्रदान करने के लिए जाना जाता है।



विद्यालय के प्राचार्य सतीश द्विवेदी से हासिल जानकारी अनुसार विद्यालय में कक्षा दसवीं में अध्ययन रत छात्र नितेश पटेल 96.6%, अभय प्रताप सिंह 89.8%, नैतिक सोनी 86.2%, पूजा पटेल 84.4% , कर्मपाल 84.6%, पृथ्वी सिंह 84%, सुरभि दुबे 78.8 %, पंकज असाटी 78.4%, प्रतीक्षा पटेल 78.4% इसी प्रकार कक्षा 12वीं में अध्यनरत तनु मौर्य 86. 8%, कविता निषाद 74.8 %, अभय राज तिवारी 73.2%, प्रतिशत अंक प्राप्त कर अपने विद्यालय का नाम रोशन किया है। शारदा मॉडल हायर सेकेंडरी स्कूल बड़वारा में अध्ययन रत छात्र छात्राओं की उपलब्द्धि पर विद्यालय के प्राचार्य सतीश द्विवेदी व समस्त शिक्षक शिक्षिकाओं ने छात्र छात्राओं को बेहतरीन सफलता पर उन्हें बधाई दी है एवम उनके उज्ज्वल भविष्य की कामना की है।

*विविध सहायता एवं टोल फ्री नंबरों की दी गई जानकारी*

## बच्चन नायक एवं श्रीकृष्ण वृद्धाश्रम में आयोजित हुआ विधिक साक्षरता शिविर

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार एवं प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को श्रीकृष्ण वृद्धाश्रम दद्दा धाम में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुमित शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन द्वारा वृद्धजनों से उनके स्वास्थ्य की जानकारी ली गई तथा नालसा द्वारा संचालित (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाये) योजना 2015 तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजना एवं नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी प्रदान की गई। साथ ही फलों का वितरण किया गया।





इस दौरान वृद्धाश्रम संचालक एवं पैरालीगल वालेंटियर मनीषा पयासी एवं आराधना तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से राजनिवास पाण्डेय एवं संदीप मिश्रा उपस्थिति रहें।

### यहां भी लगा शिविर

प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जितेन्द्र कुमार शर्मा के मार्गदर्शन में गुरूवार को बच्चन नायक वृद्धाश्रम झिंझरी में विधिक साक्षरता शिविर का आयोजन किया गया। इस अवसर पर सुमित शर्मा सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकरण एवं जिला विधिक सहायता अधिकारी हर्षित बिसेन के द्वारा वृद्धजनों के स्वास्थ्य संबंधी जानकारी ली गई तथा नालसा द्वारा संचालित (वरिष्ठ नागरिकों के लिए विधिक सेवाये) योजना 2015 तथा निःशुल्क विधिक सहायता योजना एवं नालसा टोल फ्री नम्बर 15100 के बारे में जानकारी प्रदान की गई। साथ ही जिन वृद्धजनों के आयुष्मान कार्ड नहीं बने थे, उनके आयुष्मान कार्ड बनवाए जाने हेतु पैरालीगल वालेंटियर को निर्देशित किया गया साथ ही वृद्धजनों को फल वितरण किया गया। इस दौरान वृद्धाश्रम संचालक एवं पैरालीगल वालेंटियर मनीषा पयासी, आराधना तिवारी एवं जिला विधिक सेवा प्राधिकरण से राजनिवास पाण्डेय एवं संदीप मिश्रा उपस्थित रहें।

**कारीतलाई में हुआ लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम**

## ऋण दिलाने तो किसी ने की राशन दिलाने की मांग, बताई समस्याएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव की मौजूदगी में ग्राम पंचायत कारीतलाई में लोक सुनवाई सह जनसंवाद कार्यक्रम आयोजित किया गया। कलेक्टर श्री यादव ने यहां पहुंचे 46 आवेदकों की समस्याएं सुनीं एवं संबंधित अधिकारियों को त्वरित निराकरण के निर्देश दिए। इस दौरान जिला पंचायत सीईओ शिशिर गेमावत और एसडीएम महेश मंडलोई भी मौजूद रहे।



लोक सुनवाई के दौरान कारीतलाई निवासी जितेन्द्र तिवारी ने कलेक्टर श्री यादव को आवेदन देते हुए कहा कि मेरा परिवार गरीबी रेखा के नीचे जीवन यापन कर रहा है। गरीबी से उबरने के लिए मैं आटा चक्की लगाकर स्वरोजगार करना चाहता हूँ। इसलिए मुझे ऋण दिलायें। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने जिला व्यापार एवं उद्योग केन्द्र के महाप्रबंधक को विभाग के अंतर्गत संचालित योजना में पात्रतानुसार ऋण दिलाने के निर्देश दिए।

ग्राम कारीतलाई निवासी संतोष सेन पिता बिहारीलाल ने आवेदन देते हुये बताया कि बड़े बेटे का परिवार अलग होकर अपना जीवनयापन करता है एवं उनकी समग्र आईडी अलग हो गई है। अब चार लोग ही मेरे परिवार में सम्मिलित है। मुझे लगभग 10 वर्षों से खाद्यान्न प्राप्त हो रहा था, परंतु विगत चार माह से खाद्यान्न प्राप्त नहीं हो रहा है। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने जिला आपूर्ति अधिकारी को निश्चित समयावधि में शिकायत के निराकरण के निर्देश दिए।

### बीपीएल में नाम जुड़वायें

लोक सुनवाई के दौरान अनीता बर्मन पति कामता प्रसाद ने कलेक्टर श्री यादव से कहा कि मैंने बीपीएल कार्ड बनवाने हेतु 2 बार आवेदन किया परंतु मेरा बीपीएल कार्ड नहीं बन सका। मैं गरीब महिला हूँ। इसलिए मेरा नाम बीपीएल में जोड़ा जाय। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने एसडीएम को समय-सीमा में पात्रतानुसार नाम जोड़ने के निर्देश दिए। साथ ही पात्रता पर्ची एवं आयुष्मान कार्ड भी बनवाने के निर्देश दिए।

### आबादी भूमि घोषित करें

ग्राम बम्हौरी निवासी सोहन कोल, सम्मत कोल, रतुइया कोल एवं अन्य ने लोक सुनवाई के दौरान कलेक्टर को बताया कि हम पहाड़ चट्टान भूमि में विगत 50 वर्षों से कच्चे घर बनाकर एवं बाड़ी लगाकर निवास कर रहे हैं। यहां 393 घर बने हुये हैं। जिसका खसरा नं. 396, 230 एवं रकवा क्रमशरू 2.49 हे. तथा 41.72 हे. है। हमारी निवासरत भूमि को आबादी घोषित करें ताकि प्रधानमंत्री आवास योजना के तहत हम घर बना सकें। इस पर कलेक्टर श्री यादव ने संयुक्त कलेक्टर को समय-सीमा में इस मांग के निराकरण के निर्देश दिए।

## उत्कृष्ट प्रदर्शन से विद्यार्थियों ने किया क्षेत्र का नाम रोशन

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिलौड़ी

सिलौंडी के शासकीय बालक हायर सेकेंडरी स्कूल के प्राचार्य योगेश मरकर के नेतृत्व में 10 वी और 12 वी में उत्कृष्ठ परीक्षा परिणाम आया है । क्लास 10 वी में कुल दर्ज 32 में 31 छात्र पास हुए । क्लास 12 वी में कुल दर्ज 53 में से 51 छात्र पास हुए ।बालक हायर सेकेंडरी का परीक्षा परिणाम 96.96 प्रतिशत रहा है ।

बालक हायर सेकेंडरी 12 वी सिलौंडी जयराज श्रीवास पिता संतोष श्रीवास ने 85.8 प्रतिशत अंक प्रथम स्थान प्राप्त किया । जयराम के पिता पान की दुकान और मां अभिलाषा श्रीवास गृहणी है । इसी तरह 10 वी में आशिक चक्रवर्ती पिता बबलू राम चक्रवर्ती 90 प्रतिशत अंक प्राप्त प्रथम स्थान मिला । आशिक के माता पिता ईंट बनाने का कार्य करते है । इसी तरह कन्या हाई स्कूल में भी 10 वी में हर्षिता तिवारी पिता विजयशंकर तिवारी ने 90.4 प्रतिशत अंक प्रथम स्थान प्राप्त किया । इनके नल मिस्त्री का कार्य करते है ।

कन्या हाई स्कूल में 12 वी में सौम्या चोबे पिता बालमुकुंद चोबे और शिवानी मरावी पिता पजीतेंद मरावी ने 87.4 प्रतिशत अंक लाकर प्रथम स्थान प्राप्त किया । सिलौंडी हायर सेकंडरी स्कूल में प्राचार्य तुलसी नामदेव ,अंकुल बर्मन ,सुभाष बागरी सहित पूरे स्टाफ का और शासकीय कन्या हाई स्कूल में प्राचार्य विशाल वरकडे,जीवन लाल बागरी व स्टाफ का सहयोग रहा।

## खबर संक्षेप



### लोक अदालत का प्रचार-प्रसार करने वाहन रवाना

**कटनी।** राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार तथा जितेन्द्र कुमार शर्मा, प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के मार्गदर्शन में 10 मई को आयोजित होने वाली नेशनल लोक अदालत को सफल बनाने व अधिक से अधिक पक्षकारों को लाभान्वित कराए जाने हेतु बुधवार को प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश के द्वारा जिला न्यायालय परिसर कटनी से प्रचार वाहन को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया गया। इस अवसर पर समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहें। इस दौरान सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण सुमित शर्मा ने बताया कि पैरालीगल वालेंटियर राजा अहिरवार एवं मधु सिंह के द्वारा प्रचार वाहन के माध्यम से शहर के विभिन्न क्षेत्रों में पहुंचकर लोगों को नेशनल लोक अदालत से होने वाले लाभों के बारे में बताया जाएगा। साथ ही पम्पलेट व ऑडियो क्लिप के माध्यम से नेशनल लोक अदालत का प्रचार-प्रसार कर आम जन को जागरूक किया जा रहा है। जिससे पक्षकारगण नेशनल लोक अदालत में आपसी समझौते से प्रकरण का निराकरण करने के लिए प्रेरित हो और नेशनल लोक अदालत का लाभ उठा सकें।

### बुद्ध जयंती पर मांसाहार का क्रय- विक्रय प्रतिबंधित

**कटनी।** सोमवार 12 मई को बुद्ध जयंती होने के कारण नगर में मांसाहारी पदार्थ मुर्गा, मुर्गी, मांस, मछली का क्रय - विक्रय बंद रखने के निर्देश निगमायुक्त नीलेश दुबे ने दिए है। तदाशय के संबंध में नगर निगम के स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी नें आम सूचना जारी करते हुए समस्त दुकानों को सोमवार 12 मई को बुद्ध जयंती होने के कारण मांसाहारी पदार्थ मुर्गा, मुर्गी, मांस, मछली का क्रय- विक्रय बंद रखने के साथ ही खरीदनें एवं पकानें पर प्रतिबंध लगाने की जानकारी दी है। उक्त आदेश का उल्लंघन करने पर संबंधित के विरुद्ध कठोर वैधानिक कार्यवाही की जावेगी।

### हाई एवं हायर सेकेण्डरी स्कूल की द्वितीय परीक्षा

**कटनी।** सत्र 2024-25 की हाई स्कूल एवं हायर सेकेण्डरी द्वितीय परीक्षा के लिये एमपी ऑनलाइन पोर्टल के माध्यम से फार्म भरे जाना शुरू हो गये हैं। फार्म 21 मई तक रात्रि 12 बजे तक भरे जा सकेंगे। हाई स्कूल द्वितीय परीक्षा 17 जून से 26 जून तक और हाई सेकेंडरी द्वितीय परीक्षा 17 जून से 5 जुलाई तक प्रातः 9 बजे से दोपहर 12 बजे तक निर्धारित परीक्षा केन्द्रों पर आयोजित होगी। विस्तृत परीक्षा कार्यक्रम मण्डल की वेबसाइट www.mpbse.nic.in पर देखी जा सकती है।

### आईटीआई बहोरीबंद में प्रवेश प्रक्रिया प्रारंभ

**कटनी।** शासकीय औद्योगिक प्रशिक्षण संस्थो (आईटीआई) बहोरीबंद में सत्र 2025-26 हेतु प्रवेश प्रारंभ हो चुका है। इस शैक्षणिक सत्र में आईटीआई बहोरीबंद में विद्युतकार हेतु 20, वेल्डईर हेतु 40, फिटर हेतु 20, कोपा हेतु 48 तथा सोलर टेक्नीदशियन हेतु 20 सीटों पर प्रवेश होना है। अभ्यीर्थी वेबसाइट www.dsd.mp.gov.in पर जाकर संपूर्ण प्रवेश विवरण पढ़ सकते है। साथ ही अपना रजिस्ट्रेशन करवा सकते हैं।

### चाकू लेकर घूम रहे आरोपी को किया गिरफ्तार

**ढीमरखेड़ा।** चाकू लेकर घूम रहे एक युवक को ढीमरखेड़ा पुलिस ने गिरफ्तार किया हैं। पुलिस ने आरोपी के खिलाफ आर्म्स एक्ट के तहत कार्रवाई की है।थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान ने बताया कि जबलपुर जिले पनागर थाना क्षेत्र के बिलगवां निवासी रोहित पिता राकेश चौधरी (20) गोपालपुर तिराहे में लोहे की चाकू लेकर खड़ा था।पुलिस ने युवक को गिरफ्तार कर कब्जे से धारदार चाकू जब्त किया।पुलिस ने कार्रवाई करते हुए न्यायालय में पेश किया जहां से युवक को जेल भेजा गया।

---

ओवर ब्रिज के पिलरों एवं दीवारों में बनाई गई प्रेरणादायक आकर्षक चित्रकारी

# स्वच्छता एवं सौंदर्यीकरण के लिए महापौर के नवाचार, चित्रकारी लोगों को कर रही प्रेरित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शहर को स्वच्छ बनाने एवं सौंदर्यीकरण के लिए महापौर प्रीति संजीव सूरी द्वारा किए गए नवाचार के तहत शहर स्थित ओवर ब्रिज के पिलर और दीवारों का सौंदर्यीकरण का अभियान शुरू किया गया हैं। इस कार्य की शुरुवात जगन्नाथ चौक से बरगवां तक निर्मित ओवर ब्रिज के पिलरों एवं दीवारों पर आकर्षक प्रेरणादायक चित्रकारी से शुरू कर की गई है। उक्त कार्य महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी की पहल पर बैंक ऑफ बड़ौदा के सहयोग से कराया जा रहा है।

### नवाचार की सराहना

नगर को सुंदर नगर बनाने हेतु प्रयासरत महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी द्वारा किए गए इस नवाचार के तहत स्थल पर उकेरी जा रही विभिन्न कलात्मक चित्रकारी में धार्मिक,पर्यावरण संरक्षण, स्थानीय पर्यटन स्थलों, शासकीय योजनाओं का प्रचार प्रसार, यातायात नियमों, स्वच्छता अभियान के उद्देश्यों को शामिल किया जाकर सिंबल के रूप में दीवारों पर चित्रकारी करवाई जा रही है। जिसकी सराहना नागरिकों द्वारा खुले कंठ से चहुंओर की जा रही है।



### मिलेगा पर्यटन को बढ़ावा, बदलेगी शहर की छवि

नगर निगम प्रशासन शहर के प्रमुख स्थलों को विशेष रूप से सजाने पर ध्यान दे रहा है। इन स्थानों पर विभिन्न प्रकार के सौंदर्यीकरण कार्य किए जा रहे हैं, जिसका उद्देश्य स्थानीय नागरिकों और आगंतुकों पर सकारात्मक प्रभाव डालना है। महापौर श्रीमती सूरी का कहना है कि एक सुंदर शहर न केवल रहने के लिए बेहतर होता है, बल्कि यह पर्यटन को भी बढ़ावा देता है और शहर की छवि को सुधारता है।

### स्थानीय संस्कृति और विरासत की झलक

शहर में घूमते हुए, कोई भी नागरिक ब्रिज के पिलर ओर दीवारों पर बनी रही इन सुंदर पेंटिंग्स देख सकता है। ये पेंटिंग न केवल शहर को रंगीन बनाती हैं बल्कि स्थानीय संस्कृति और विरासत को भी दर्शाती हैं।

### शहर को स्वच्छ रखना हर नागरिक का दायित्व : महापौर

महापौर श्रीमती सूरी ने कहा कि शहर के सौंदर्यीकरण को बढ़ाने के लिए सड़कों के साथ लगती दीवारों पर इस प्रकार की चित्रकारी करवाई जा रही है, जिससे लोगों को प्रेरणा ओर ज्ञान मिले। शहर को स्वच्छ रखने का दायित्व प्रत्येक नागरिक का है, इसलिए कूड़ा सिर्फ डस्टबिन में ही डाला जाये, इसको इंगित करते चित्र दीवारों पर बनवाए जा रहे हैं। निगम का मानना है कि एक सुंदर शहर न केवल रहने के लिए बेहतर होता है, बल्कि इससे पर्यटन को भी बढ़ावा मिलता है। नागरिकों के सहयोग से शहर स्वच्छ एवं सुंदर दिखाई देगा।







---

### राघवी एवं ब्रजेश ने किया नाम रोशन

**ढीमरखेड़ा।** माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षा कक्षा दसवीं में ढीमरखेड़ा की बेटी राघवी मिश्रा ने जिले में तीसरा स्थान अर्जित कर जिले व क्षेत्र का नाम रोशन किया है। छात्रा ने 500 में से 488 अंक (97.6%) प्राप्त किए है।छात्रा के पिता रामखेलावन मिश्रा किसान हैं जबकि माता स्वाति मिश्रा गृहिणी हैं। छात्रा ने अपनी मेहनत,लगन और निरंतर अध्ययन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है।सफलता का श्रेय छात्रा ने माता-पिता, मित्रों और शिक्षकों को दिया है। इसी तरह माध्यमिक शिक्षा मंडल मध्यप्रदेश की बोर्ड परीक्षा कक्षा बारहवीं में महनेर के छात्र ब्रजेश कुर्मी ने ढीमरखेड़ा सहित क्षेत्र का नाम रोशन किया है। सीएम राइज शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय के छात्र ब्रजेश ने 500 में से 453 अंक (90.6%) प्राप्त किए है।छात्र के पिता राजेश कुर्मी चाय पान की दुकान चलाते है जबकि माता अनिता कुर्मी गृहिणी है। छात्र ने अपनी मेहनत,लगन और अध्ययन के बल पर यह सफलता प्राप्त की है। सफलता का श्रेय छात्रा ने माता-पिता और शिक्षकों को दिया है।



---

न्यायालय ने सुनाया फैसला, अर्थदंड से भी किया गया दंडित

## शादी का प्रलोभन देकर किया दुराचार करने के आरोपी को आजीवन कारावास

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

पहले दोस्ती फिर शादी का प्रलोभन देकर युवती के साथ उसकी इच्छा के विरूद्ध दुराचार करने के मामले में दोषी पाते हुए विशेष न्यायाधीश एससी/एसटी एक्ट जिला कटनी राजेश नंदेश्वर की अदालत ने दोषी को आजीवन कारावास की सजा सुनाई है। मामले में विशेष सत्र प्रकरण में अनुसूचित जाति वर्ग की पीड़िता को शादी का प्रलोभन देकर उसकी इच्छा के विरुद्ध दुष्कर्म किया गया था। आरोपी अभिषेक द्विवेदी 27 निवासी ग्राम कांसा पोस्ट लकहा, तहसील मैहर जिला सतना हाल पता बाबाताल सिहोरा जबलपुर मप्र एससी एसटी एक्ट में आजीवन कारावास व 10 हजार रुपए के अर्थदंड से दंडित किया गया। धारा 376 (1) भादवि में 10 वर्ष का सश्रम कारावास व 10 हजार रुपए के अर्थदंड की सजा सुनाई गई। मीडिया सेल प्रभारी सुरेंद्र कुमार गर्ग ने बताया कि पीड़िता ने थाने में इस आशय का आवेदन दिया कि वर्ष 2021 में विजयराघवगढ़ एक प्राइवेट कंपनी में काम करने वाले कर्मचारी अभिषेक द्विवेदी ने मुझसे दोस्ती कर ली थी।

पीड़ित युवती ने अदालत को बताया कि वह उसके साथ मोटरसाइकिल सें घूमने के लिए चली गई। वह मुझे बड़ारी तरफ ले गया और बड़ारी के जंगल की तरफ ले जाकर मुझसे जबरदस्ती शारीरिक संबंध बनाए। मैंने अभिषेक को मना किया तो नहीं मान रहा था। वह कह रहा था मैं तुमसे शादी करूंगा, जंगल बहुत सुनसान था आसपास कोई नहीं दिख रहा था। अभिषेक ने दोस्ती के दौरान कई बार मुझसे कहा कि मैं तुमसे प्यार करने लगा हूं। इसलिए धीरे धीरे हमारी दोस्ती प्रेम संबंध में बदल गई। इसके बाद अभिषेक ने कहा कि मैं तुमसे शादी करना चाहता हूं और शारीरिक संबंध बनाना चाहता हूं। 25 दिसंबर 2021 को अभिषेक ने फोन करके कहा कि मैं तुम्हें अपने साथ घुमाने ले जाना चाहता हूं। इसके बाद मैंने कई बार अभिषेक से शादी के लिए कहा , लेकिन वह मेरी बात को टालता रहा। बाद में अभिषेक ने मुझसे बात करना बंद कर दिया। कुछ दिन बात अभिषेक ने मुझे काल करके कहा कि मैं तुम्हारे गांव आ रहा हूं और शाम को अभिषेक मेरे घर आया घर पर मेरी भाभी भी थी। मैंने अभिषेक से फिर शादी के लिए पूछ तो अभिषेक शादी की बात को लेकर चिढ़ गया और गंदी गंदी गालियां दीं और कहा कि मैं शादी नहीं करूंगा।

पीड़िता की शिकायत पर पुलिस ने मामला दर्ज करते हुए आरोपित को गिरफ्तार किया। न्यायालय में मामले की विवेचना के दौरान आरोपित युवक पर दोष सिद्ध होने पर न्यायालय द्वारा उपरोक्त सजा एवं अर्थदंड से दंडित किया गया।

---

## चौपाल के माध्यम से जल संरक्षण के लिए किया प्रेरित



जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत गांव-गांव जाकर चौपाल, संगोष्ठी, दीवार लेखन व रैली के माध्यम से जल संरक्षण हेतु जागरूकता अभियान चलाया जा रहा है। मझगवां फाटक के ग्राम खरखरी में ग्राम वासियों के साथ चौपाल का आयोजन किया। जिसमें उन्होंने जल गंगा संवर्धन अभियान के अंतर्गत जन अभियान परिषद के द्वारा किए जा रहे कार्यों की जानकारी विस्तार से दी एवं प्राकृतिक जल स्रोतों के रखरखाव, गहरीकरण के लिए शासन द्वारा चलाए जा रहे अभियान में जन भागीदारी के लिए सभी को सहयोग देने हेतु प्रेरित किया। उन्होंमने कहा कि ग्राम खरखरी में ऐतिहासिक बावड़ी है जिसके संरक्षण की अत्यंत आवश्यकता है ताकि अधिकतम वर्षा जल संचित हो सके और ग्राम का जलस्तर बढ़ सके। इस दृष्टि से ग्राम वासियों ने एक जुट होकर जन भागीदारी और श्रमदान से स्थानीय बावड़ी के संरक्षण हेतु अपनी सहमति प्रदान की और कार्य योजना तैयार की गई। शीघ्र ही ग्रामवासियों के सहयोग से बावड़ी की साफ सफाई और गहरीकरण का कार्य किया जाएगा।

---

## आपात परिस्थितियों में सतर्कता एवं सावधानी बरतने दी गई जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ ढीमरखेड़ा

ढीमरखेड़ा व उमरियापान में बीती शाम साढ़े 7 बजे से ब्लैकआउट शुरू हुआ। यह ब्लैकआउट 15 मिनट तक 7:45 तक रहा। इस दौरान पूरे बाजार में अंधेरा छाया रहा। लोंगों ने घरों-दुकानों की बिजली बंद रखी।हेडलाइट बन्द होते ही सड़कों पर दौड़ रहे वाहनों की रफ्तार थम गई। सिहोरा, स्लीमनाबाद खमतरा सिलौडी और ढीमरखेड़ा से आने जाने वाले वाहन रुके रहे। दो पहिया चालकों ने भी कुछ समय तक गाड़ी की हेडलाइट को बंद कर खड़े रहे। थाने के सामने चौराहे पर मुस्तहती के साथ प्रशासन ने ब्लैक आउट का पालन पालन आम जनों से करवाया और जानकारी दी की मुसीबत के समय हमें इसी तरह की सतर्कता के साथ सावधानी बरतनी है यह जानकारी थाना प्रभारी ढीमरखेड़ा के द्वारा गांव-गांव में जाकर की बताया कि आज शाम ब्लैक आउट में अपना सहयोग करने की अपील की ढीमरखेड़ा तहसीलदार आशीष अग्रवाल थाना प्रभारी मोहम्मद शाहिद खान एम एल करण संतोष विश्वकर्मा जयपाल सिंह एवं समस्त । पुलिस स्टाफ मुस्तैती के साथ में रोड पर उपस्थित रहा मुख्य बाजार झंडा चौक में थाना प्रभारी दिनेश तिवारी और नायब तहसीलदार अजय मिश्रा बल के साथ मौजूद रहे। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और समाजसेवियों ने पुलिस प्रशासन का भरपूर सहयोग किया।



पुलिस ने शादी समारोह में लगे टेंट पंडालों की बिजली भी तय समय के लिए बंद कराई।इसके पूर्व दोपहर में ग्राम पंचायत ने मुनादी कराई। पुलिस प्रशासन ने सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर ब्लैकआउट रखने की जानकारी दी।

---

निगमायुक्त ने अधिकारी एवं कर्मचारियों को सौंपा कार्य दायित्व

## अधिक से अधिक राजस्व वसूली करने के दिए निर्देश, बकाया करों पर मिलेगी छूट

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण जबलपुर के निर्देशानुसार शनिवार 10 मई को नगर निगम कटनी के विभिन्न पांच स्थलों में नेशनल लोक अदालत का आयोजन किया जाकर नागरिकों को विगत वित्तीय वर्ष 2024-25 तक की बकाया राशि पर नियमानुसार छूट प्रदान की जावेगी। आयुक्त नगर निगम नीलेश दुबे नें लोक अदालत के सफल आयोजन हेतु एक आदेश जारी कर निगम के अधिकारियों कर्मचारियों को दायित्व सौपे है।

महापौर श्रीमती प्रीति संजीव सूरी के निर्देश पर नागरिकों को अपने बकाया करों को निगम कोष में जमा कराने की सुविधा को दृष्टिगत रखते हुए निगमायुक्त श्री दुबे नें लोक अदालत के दौरान नगर के विभिन्न स्थलों नगर निगम कार्यालय, सुभाष चौक, दुर्गा चौक खिरहनी, माधवनगर उपकार्यालय तथा बस स्टेंड में आयोजित होनें वाले शिविरों हेतु उचित स्थल का चयन कर समुचित व्यवस्था पूर्ण करने तथा अधिक से अधिक राजस्व वसूली करने के निर्देश निगम के राजस्व विभाग के अधिकारियों को दिए है। जबकि सुधीर मिश्रा विभागाध्यक्ष जलकर एवं सागर नायक प्रभारी अधिकारी को शिविर स्थलों पर जलकर वसूली हेतु कर्मचारियों की नामजद ड्यूटी लगाने हेतु निर्देशित किया गया है।



निगमायुक्त श्री दुबे द्वारा जारी आदेश में लोक अदालत के दौरान शनिवार 10 मई को नगर निगम कार्यालय एवं समस्त शिविर स्थलों पर विद्युत सप्लाई चालू रखने हेतु प्रभारी सहायक यंत्री आदेश जैन व मोना करेरा उपयंत्री को एम.पी.ई.बी से समन्वय स्थापित करने, जिला न्यायालय परिसर सहित नगर निगम कार्यालय एवं शिविर स्थलों में पेयजल हेतु पानी के टैंकरों की व्यवस्था करने हेतु मृदुल श्रीवास्तव उपयंत्री व अभिषेक अरजरिया को निर्देशित किया गया है।

न्यायालय परिसर सहित नगर निगम कार्यालय एवं शिविर स्थलों में विशेष साफ-सफाई एवं चूने की लाईनिंग व कीटनाशक दवाईयों का डिड़काव करानें सहित शिविरों के माध्यम से निर्धारित लक्ष्य अनुरूप वसूली का प्रचार-प्रसार किये जाने हेतु वार्ड दरोगा एवं क्षेत्रीय स्वा.प्रभारियों की डयूटी लगानें के निर्देश प्रभारी स्वास्थ्य अधिकारी संजय सोनी को दिए है।

निगमायुक्त द्वारा जारी आदेश में लोक अदालत को दृष्टिगत रखते हुए आवश्यकतानुसार भृत्यों की ड्यूटी लगाने, कचरा कलेक्शन वाहन के माध्यम से लोक अदालत में प्रदाय की जाने वाली छूट का प्रचार -प्रसार कराने, कम्प्यूटर, कम्प्यूटर आपरेटर, प्रिंटर, इंटरनेट, पानी के कैन, टेंट एवं बैठक व्यवस्था सहित समाचार पत्रों में प्रचार-प्रसार कराने के निर्देश निगम के विभागीय अधिकारियों को सौंपे जाकर समस्त व्यवस्था निर्धारित समय पर पूर्ण करने हेतु निर्देशित किया गया है।

---

वीसी के माध्यम से 66 पंचायतों में दी गई मॉक ड्रिल की जानकारी

## विद्यार्थियों को दी गई नागरिक सुरक्षा अभ्यास और मॉक ड्रिल की जानकारी

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

कलेक्टर दिलीप कुमार यादव के निर्देशन में जनपद पंचायत बड़वारा की 66 ग्राम पंचायतों में वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग के द्वारा बुधवार को राज्य शासन की गाइड लाइन अनुसार मॉक ड्रिल किए जाने, सायरन बजाने, आपदा से निपटने के लिए जन जागरूकता लाने के साथ-साथ हर तरह की परिस्थितियों से निपटने के लिए पंचायतों को निर्देश दिए गए है। साथ ही लोगों को किसी भी प्रकार की पैनिक स्थिति न बनाए जाने की जानकारी दी गई।

### ब्लैक आउट से कराया अवगत

निर्देशों के अनुरूप पंचायतों में ब्लैक आउट कराने हेतु जनपद पंचायत बड़वारा में कंट्रोल रूम का गठन किया गया जिसका प्रभारी उदयभान सिंह दाहिया खंड पंचायत अधिकारी को बनाया गया है। कंट्रोल रूम में उदयभान सिंह के साथ उदय राम बैगा, गोविंद सिंह एवं सत्येंद्र सिंह सेंगर द्वारा ग्राम पंचायतों को कंट्रोल रूम के माध्यम से शासन के निर्देशों का पालन किए जाने सम्बन्धी ग्रामीण अंचलों में जानकारी दी गई। साथ ही जनपद पंचायत बड़वारा की 66 ग्राम पंचायतों के साथ-साथ मुख्यालय जनपद में विधायक धीरेन्द्र बहादुर सिंह एवं जनप्रतिनिधियों के साथ-साथ समस्त शासकीय अमला एवं ग्रामीणों द्वारा ब्लैक आउट एवं मॉक ड्रिल के बारे में अवगत कराया गया। जिसके परिणामस्वरुप शाम 7.30 बजे से 7.42 बजे तक ब्लैक आउट पूरी तरह से सफल रहा।



इस दौरान सभी दुकानदार, वैवाहिक कार्यक्रम स्थलों एवं अन्य सार्वजनिक जगहों में समस्त नागरिकों द्वारा पूरा सहयोग किया गया एवं ब्लैक आउट पूर्णतः सफल रहा।

### हानियों से बचने बताए उपाय

बुधवार को शासकीय तिलक स्नातकोत्तर महाविद्यालय में प्राचार्य डॉ. सुनील कुमार वाजपेई की अध्यक्षता में एन.सी.सी एवं एन.एस.एस के संयुक्त तत्वावधान में सूबेदार गुरमीत सिंह, हवलदार सुरेश के नेतृत्व में नागरिक सुरक्षा अभ्यास और पूर्वभ्यास मॉक ड्रिल से संबंधित समस्त गतिविधियों की जानकारी विद्यार्थियों को दी गयी ।

इस दौरान विद्यार्थियों को हवाई हमले एवं विस्फोटों से होने वाली हानियों से बचने का उपाय बताया गया तथा खान-पान की व्यवस्था करके रखने हेतु भी निर्देशित किया गया। साथ ही प्रारंभिक उपचार हेतु स्वास्थ्य किट तैयार कर घर में रखने के बारे में भी बताया गया। इस अवसर पर बुधवार को ब्लैक आउट मॉक ड्रिल के बारे में भी बताया गया।

इस राष्ट्रव्यापी आन्दोलन में प्राचार्य डॉ. सुनील वाजपेयी के निर्देशानुसार एक गूगल फॉर्म भी तैयार करवाया गया है, जिसमें सभी लोग शैक्षणिक, अशैक्षणिक विद्यार्थी अपने-अपने रक्त समूह की जानकारी देंगे, जिससे रक्त की आवश्यकता होने पर रक्त दिया जा सके। इस दौरान शैक्षणिक, अशैक्षणिक संबंध विद्यार्थियों, एन.एस.एस. स्वयं सेवक एवं एन. सी.सी. कैडेट्स ने उत्साह पूर्वक भाग लिया।

---

## आरटीई के तहत प्रवेश हेतु ऑनलाइन आवेदन प्रारंभ

हरिभूमि न्यूज ▶▶ कटनी

शिक्षा का अधिकार (आरटीई) अधिनियम के अंतर्गत गैर अनुदान मान्यता प्राप्त अशासकीय स्कूलों में शैक्षणिक सत्र 2025-26 हेतु ऑनलाइन निःशुल्क प्रवेश प्रक्रिया के संबंध में राज्य शिक्षा केन्द्र भोपाल द्वारा समय सारणी जारी कर दी गई है। अशासकीय विद्यालयों में प्रवेश हेतु पात्र इच्छुक आवेदक अपने ग्राम, वार्ड, पड़ोस तथा विस्तारिक पड़ोस के गैर अनुदान मान्यता प्राप्त प्राइवेट स्कूलों में पोर्टल पर कक्षावार प्रदर्शित स्कूलों में निःशुल्क प्रवेश हेतु अपनी समग्र आईडी एवं आधार सत्यापन करके ऑनलाइन आवेदन 21 मई तक किया जा सकेगा।

जन शिक्षा केन्द्र द्वारा सत्यापन उपरांत पात्र पाये गये आवेदकों को रेण्डम पद्धति से ऑनलाइन लॉटरी के माध्यम से अशासकीय स्कूल का आवंटन किया जायेगा। विद्यालयों में प्रवेश के लिये अभिभावकों को ऑनलाइन आवेदन करना होगा। साथ ही आवेदन की तरह ही सत्यापन कराने की जिम्मेदारी भी अभिभावक की होगी।

पोर्टल पर ऑनलाइन आवेदन एवं त्रुटि सुधार 21 मई तक किया जा सकेगा। आवेदन के पश्चीत शासकीय जनशिक्षा केन्द्रक के द्वारा 23 मई तक सत्यासपन कार्य किया जायेगा। ऑनलाइन सत्यावपन के बाद 29 मई को रैण्डकम पद्धति से ऑनलाईन लॉटरी द्वारा स्कूसल का आवंटन एवं चयनित आवेदकों को एसएमएस द्वारा सूचना दी जाएगी। जबकि आवंटन उपरांत 2 जून से 10 जून तक स्कू ल में उपस्थित होकर मोबाइल एप के माध्याम से एडमीशन रिपोर्टिंग की जायेगी।

## खबर संक्षेप

### रसीलपुर की बेटी आस्था कुर्मी ने रचा कीर्तिमान



हटा। विकासखंड हटा के ग्राम रसीलपुर की होनहार छात्रा आस्था कुर्मी पिता कीरत कुर्मी की बेटी ने कक्षा 10वीं में 93.4 प्रतिशत अंक प्राप्त कर न सिर्फ अपने माता-पिता का, बल्कि पूरे गांव, स्कूल और समाज का नाम रोशन कर दिया है। वहीं विद्यालय की नीलम कुर्मी ने भी 84.2% अंक हासिल कर विद्यालय में दूसरा स्थान प्राप्त किया। बता दे कि शासकीय हाई स्कूल रसीलपुर की छात्रा आस्था का यह परिणाम ना सिर्फ एक उपलब्धि है, बल्कि उन बेटियों के लिए प्रेरणा है जो कठिन परिस्थितियों में भी सपने देखती हैं और उन्हें सच कर दिखाने का हौसला रखती हैं। अपको बता दे छात्र छात्रों को बहुत लंबा इंतजार था. लेकिन जैसे ही रिजल्ट देखा, आंखों से आंसू छलक पड़े परिणाम आते ही आस्था ने अपनी मम्मी-पापा, दादा दादी और शिक्षकों को मिठाई खिलाकर जीत की खुशी बांटी। साथ ही सबने मिलकर बेटी के उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

### मानसून सीजन के दौरान भारी वर्षा चेतावनी

दमोह। मानसून के मौसम के दौरान, जब भी यह कार्यालय भारी वर्षा चेतावनी (**Heavy Rainfall Warning**) जारी करेगा, तो इसकी सूचना आपको मौसम विज्ञान केंद्र भोपाल के पास उपलब्ध ई-मेल आईडी के माध्यम से दी जाएगी। यदि ईमेल आईडी में कोई परिवर्तन हो या नई ईमेल आईडी जोडना हो, तो उसे जल्द से जल्द ईमेल पते पर सूचित किया जा सकता है।

नए घर की तैयारी - टाइगर रिजर्व में एक बार फिर जागी चीतों को बसाने की उम्मीद, चीतों का तीसरा घर होगा टाइगर रिजर्व

# देश का पहला वाइल्ड लाइफ एरिया जहां बाघ व तेंदुए संग होगी चीते की बसाहट



हरिभूमि न्यूज ▶▶ तेंदूखेडा

जिले की सीमा क्षेत्र में फैले हुए नौरादेही (वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व) में चीतों की बसाहट की 15 साल पुरानी संकल्पना साकार होने जा रही है जानकारी केअनुसार भारतीय वन्यजीव संस्थान (डब्ल्यूआईआई) देहरादून ने चीते की बसाहट के लिए दो नए स्थान चिन्हित किए हैं। उनमें गुजरात के बन्नी ग्रासलैंड रिजर्व के अलावा दमोह सागर के इस टाइगर रिजर्व को शामिल किया गया है डब्ल्यूआईआई भारत के चीता प्रोजेक्ट की नोडल एजेंसी भी है माना जा रहा है कि अगले वर्ष तक यहां चीतों की शिफ्टिंग हो जाएगी अगर ऐसा होता है तो वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व देश का पहला ऐसा वाइल्डलाइफ एरिया होगा जहां बिग केट फेमिली के तीन सदस्य एक साथ देखने मिलेंगे अभी रिजर्व में टाइगर और तेंदुए की बसाहट है चीतों के आने से इस परिवार की तीन प्रजातियां हो जाएंगी यहां बता दें कि देश में चीतों की बसाहट के लिए डब्ल्यूआईआई ने देश में सबसे पहले दमोह सागर के इस टाइगर रिजर्व को चिन्हित किया था वर्ष 2010 में यहां सर्वे किया गया था जिसमें रिजर्व की तीन रेंज मुहली, सिंहपुर और झापन को चीता की बसाहट के अनुकूल माना गया था।

### अधिकारियों ने किया दौरा

सूत्रों के अनुसार टाइगर रिजर्व में चीतों की शिफ्टिंग के पूर्व की तैयारियां शुरु हो गई हैं बीते सप्ताह राष्ट्रीय बाघ संरक्षण प्राधिकरण (एनटीसीए) के डीआईजी डॉ वीबी माथुर और डब्ल्यूआईआई के एक वरिष्ठ वैज्ञानिक ने डिप्टी डायरेक्टर डॉ. एए अंसारी के साथ वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व की उक्त तीनों रेंज मुहली, झापन और सिंगपुर का दो दिन तक मैदानी मुआयना किया जानकारों के अनुसार यह तीनों रेंज चीता की बसाहट के लिए आदर्श स्थान हैं यहां लंबे-लंबे मैदान हैं जिनमें यह जीव दौड़-दौड़कर शिकार कर सकेगा इन तीनों रेंज का क्षेत्रफल करीब 600 वर्ग किमी है जबकि रिजर्व का संपूर्ण क्षेत्रफल 2339 किमी है।

### देश-दुनिया के लिए पहला प्रयोग, जहां चीता-टाइगर साथ रहेंगे

जैसे कि पहले ही बताया जा चुका है कि टाइगर रिजर्व अब मुख्य रूप से बाघों का बसेरा बन चुका है ऐसे में वन्य जीव विशेषज्ञों द्वारा अक्सर यह सवाल उठाया जाता रहा है कि टाइगर की बसाहट के बाद क्या यहां चीता को लाया जा सकता है क्या वे यहां जीवित रह पाएंगे इसके जवाब में दूसरे वन्य जीव शास्त्रियों का कहना है कि यह संभव है। क्योंकि चीता, तेंदुए और बाघ के शिकार का तरीका और उनके टारगेटेड जीव-जंतु अलग-अलग होते हैं। बाघ जहां नीलगाय, भैंसा, हिरण प्रजाति के छोटे-बड़े जानवर का शिकार करता है। वहीं तेंदुए मध्यम श्रेणी के जानवर जैसे जंगली सुअर, हिरण, नीलगाय, भैंसा के बच्चों का शिकार करता है जबकि चीता छोटी साइज के हिरण जैसे चीतल, काला हिरण और खरगोश सरीखे जानवरों का शिकार करता है। अब रही इन तीनों जानवरों के आमने-सामने आने की बात तो चीता, सदैव बाघ व तेंदुए से दूरी बनाए रखता है यह ठीक उसी तरह से संभव है, जिस तरह से बाघ के साथ तेंदुए भी सर्वाइव कर लेते हैं।

### मुहली का विस्थापन आवश्यक

चीतों की बसाहट देश के प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रोजेक्ट्स में से एक है। ऐसे में इन जीवों की बसाहट से ज्यादा आवश्यक उनकी सुरक्षा व संरक्षण होगा। इस लिहाज से वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व में एक कमी यहां कई गांवों का विस्थापन शेष रह जाना है इनमें सबसे बड़ा गांव मुहली है जहां की आबादी करीब 1500 लोग हैं। इसके अलावा बाकी दो रेंज झापन और सिंहपुर में भी कुछ गांव हैं जहां से लोगों को विस्थापित करने के लिए शासन को करीब 200 करोड़ रुपए व्यय करना होंगे।

### मप्र से ही लुप्त हुआ था चीता

आजादी के पहले तक भारत में चीतों की बसाहट मप्र से दिल्ली होते हुए पंजाब तक रही है लगातार शिकार के चलते यह जानवर आखिर में मप्र में सिमट गया लेकिन यहां भी ज्यादा समय तक नहीं बच पाया। आजादी के चंद वर्ष बाद सन 1952 में अविभाजित मप्र के आदिवासी क्षेत्र कोरिया के राजा ने आखिरी चीता भी मार दिया। इसके बाद करीब 75 साल बाद देश में चीता की वापसी हुई। एक जानकारी के अनुसार चीता के संरक्षण के लिए काम कर रहे दक्षिण अफ्रीका के पापुलेशन इनीशिएटिव चीता मेटा पापुलेशन प्रोजेक्ट के माध्यम से नामीबिया, बोत्सवाना और दक्षिण अफ्रीका से कुछ और चीते भारत लाए जाएंगे।

### नौरादेही के घास के मैदान कूनो से अच्छे

वन विभाग के विशेषज्ञों का कहना है कि (नौरादेही अभयारण्य ) वीरांगना दुर्गावती टाइगर रिजर्व के घास के मैदान कूनो नेशनल पार्क से अच्छे हैं कूनो के मैदानों में बड़ी घास है और नौरादेही में मध्यम प्रकार की घास पाई जाती है। यह घास न ज्यादा बड़ी और न ज्यादा छोटी है। चीतों के लिए मध्यम प्रकार की घास ही उपयुक्त होती है क्योंकि इसमें चीता अपने शिकार को दूर से देख सकता है और शिकार के इंतजार में इसमें छिपकर बैठ भी सकता है। बड़ी घास के मैदानों में चीतों को अपना शिकार दूर से दिखाई नहीं देता। नौरादेही अभयारण्य दमोह सागर और नरसिंहपुर जिले की सीमाओं तक फैला है।

### इन पांच राज्यों में होगा नया ठिकाना

चीता प्रोजेक्ट के तहत देश के 5 राज्य मध्यप्रदेश, राजस्थान, गुजरात, यूपी और छत्तीसगढ़ के बीच 7 लैंड स्केप में 10 स्थल शामिल हैं। कूनो लैंडस्कैप में कूनो नेशनल पार्क, गांधीसागर के बाद नौरादेही में वीरांगना रानी दुर्गावती टाइगर रिजर्व और संजय-डुबरी-गुरु घासीदास लैंडस्केप में संजय-डुबरी, बगदारा-कैमूर में कैमूर, बन्नी ग्रासलैंड रिजर्व और कच्छ डेजर्ट सेंचुरी तथा राजस्थान के डेजर्ट नेशनल पार्क और शाहगढ़ लैंडस्केप शामिल है ।

### प्रदेश में अभी कुल 31 चीते, इनमें 19 शावक

प्रदेश में चीतों के 2 घरों में कुल 31 चीते हैं। कूनो में 29 और गांधीसागर अभयारण्य में 2 हैं। कूनो में 29 चीतों में से 19 शावक हैं और 10 वयस्क चीते हैं।

यात्री बस ने स्कूटी सवार युवक को कुचला, इलाज के दौरान मौत

# हटा दमोह मार्ग पर डगेनया पुल के पास भीषण सड़क हादसा



हटा। नगर के समीप हटा दमोह मार्ग पर गुरुवार की सुबह 10 बजे भीषण सड़क हादसा हो गया। जहां एक तेज रफ्तार यात्री बस ने स्कूटी सवार युवक को कुचला दिया जिससे इलाज के दौरान मौत हो गई। घटना से नगर के चंडी जी इलाके में सनसनी फैल गई। परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

घटना हटा दमोह रोड पर डगेनया पुल के पास की है जहां नगर के चंडी जी मंदिर के सामने गौरीशंकर वार्ड निवासी अरविंद सिंह पिता लालसिंह चौहान उम्र 56 वर्ष जो कि अपने बेटे को इंदौर बस में बैठाने गए हुए थे क्योंकि बस चंडी जी से निकल जाने पर वह अपनी स्कूटी से बस में बैठने गए थे जहां डगेनया पुल के पास बेटे को बस में बैठाकर घर वापस आ रहे थे लेकिन सामने दमोह तरफ से आ रही तेज रफ्तार मां वैष्णो देवी बस सर्विस क्रमांक एमपी 34 Z, C 2549 ने सामने से टक्कर मार दी जिससे उनके दोनों पैरों व सिर में चोटें लगने से गंभीर रूप से घायल हो गए वही स्कूटी भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त हो गई घटना होते ही बस चालक तुरंत ही मौके से फरार हो गया। वही घायल युवक को बस में सवार लोगों द्वारा 108 एंबुलेंस की मदद से सिविल अस्पताल हटा भेजा गया जहां प्राथमिक उपचार उपरांत हालत गंभीर होने पर जिला चिकित्सालय रेफर किया गया जहां इलाज के दौरान अरविंद की दर्दनाक मौत हो गई। घटना की सूचना मिलते ही हटा पुलिस ने तुरंत ही मौके पर पहुंचकर जांच पड़ताल करते हुए कार्यवाही कर आरोपी चालक की तलाश कर रही है। दर्दनाक सड़क हादसे में अरविंद की मौत के उपरांत चंडी जी इलाके में शोक की लहर व्याप्त है बता दें कि मृतक अरविंद की बेटी की शादी विगत कुछ दिनों पहले ही संपन्न हुई थी, परिजनों का रो-रो कर बुरा हाल है।

# भागवत कथा का आयोजन



हिंडोरिया। स्थानीय नन्ही बजरिया वार्ड नं.3 में चल रही भागवत कथा के चौथे दिन कथावाचक वृन्दावन से पधारे प.सतीश चैतन्य महाराज के द्वारा दिव्य दिव्य कथाओं का रसास्वादन करके श्रोताजन भावविभोर हो रहे है।कथा में भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव का प्रसंग सुनाया गया। महराज जी ने आगे कहा कि हमे अपने सनातन धर्म को अपने जीवन मे उतारकर उसके संस्कारों को अपनाने के लिए भागवत कथा से प्रेरणा लेनी चाहिए। उन्होंने आगे कहा कि अच्छे संस्कारो से मानव जीवन सफल होता है इसलिए बच्चों को अच्छे संस्कार देने के लिए माता पिता को हमेशा तत्पर रहना चाहिए।जिस प्रकार कारीगर मटका बनाते समय उसे बाहर से पीटता है फिर उसके अंदर कोमल हांथो से उसे सुंदर आकर देता है।उसी प्रकार बच्चों को भी बाहर से गलतियों पर थोड़ा सख्त होकर अंदर से उनके विचारों को उच्य बनाना चाहिए। इसके बाद भगवान श्री कृष्ण का जन्मोत्सव धूमधाम से मनाया गया।कथा के दौरान जैसे भगवान श्री कृष्ण के जन्म का प्रसंग सुनाया गया ,भक्तो द्वारा भारी आतिशबाजी करते हुए नंद के घर आनन्द भयो जय कन्हैया लाल की गगनभेदी जयकारे लगाए गए। श्रद्धालुओं जे द्वारा मंगलगीत गाकर बधाई नृत्य किया गया। उक्त अवसर पर सुंदर सुंदर झाकिया भी सजाई गई। कथा में कथा के मुख्य यजमान श्रोता तारा बाई ,सेवानिवृत्त शिक्षक अमान सिंह सहित अनेक श्रोतागण उपस्थित थे।

# पुलिस ने लूट के आरोपियों को पकड़ा

दमोह। पथरिया थाना अंतर्गत लूट के आरोपीगणों को गिरफ्तार करने में सफलता प्राप्त की है। प्राप्त जानकारी के अनुसार दिनांक 03/05/2025 को प्रार्थी रीतेश चौरसिया पिता राकेश चौरसिया उम्र 24 वर्ष निवासी वार्ड नं. 09 पथरिया ने अज्ञात आरोपीगणों के व्दारा प्रार्थी एवं मोहित पटैल को रोक कर मोबाईल पैसे लूटने के संबंध में रिपोट लेख करायी थी। जो रिपोर्ट पर थाना पथरिया में अप. क्र. 262/25 धारा 309(6) बीएनएस का कायम कर विवेचना में लिया गया। प्रकरण की गंभीरता के आधार पर पुलिस अधीक्षक महोदय श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन एवं श्रीमान अति. पुलिस अधीक्षक महोदय संदीप मिश्रा एवं श्रीमान एसडीओपी महोदय श्री रघु केसरी के मार्ग दर्शन में अज्ञात आरोपीगणों की तलाश हेतु टीम गठित कर अज्ञात आरोपीगणों की तलाश पतारसी की गयी । दौरान विवेचना मुखबिर तंत्र को सक्रिय किया गया। जो मुखबिर से प्राप्त सूचना के आधार पर संदेहीगणों की तलाश पतारसी की गयी जो संदेहीगण तनुज जाटव, आयुष दुबे एवं हीरो उर्फ अब्दुल रसीद दस्तयाब हुये जिन्हो पुलिस अभिरक्षा में लेकर पुलिस की टेक्निकल टीम के साथ बारीकी से पूछँताछ की गई तो उसने बताया कि दिनांक 02.05.2025 को शाम करीब 11 से 11.30 बजे तीनों लोग के व्दारा तीनगुल्ली चौराहा पर पथरिया रोड पर कोई अकेला व्यक्ति को लूटने की सलाह हुयी बाद तीनों के व्दारा हीरो उर्फ अब्दुल की मोटर साईकिल से पथरिया रोड तरफ जाना और एक मोटर साईकिल बाला व्यक्ति जोरतला तिगड्डा पर अकेला मिलता जिसे रोक कर तनुज जाटव एवं आयुष दुबे के व्दारा उसका वीवो कम्पनी का मोबाईल फोन एवं 60 रूपये नगद लूटा लेना तथा उसके बाद ग्राम जोरतला तरफ भाग जाना फिर जोरतला तरफ से छिरका बकैनी होते हुये छापरी तिगड्डा तरफ आ जाना जहां पर स्कूटी पर जाने वाले दो लड़के रीतेश चौरसिया एवं मोहित पटैल का मिलना और उन्हे भी लूटने की सलाह की गयी फिर आरोपीगणों के व्दारा रीतेश चौरसिया एवं मोहित पटैल को रोका गया व उसके बाद आरोपी तनुज जाटव के व्दारा स्कूटी की चाबी निकाल ली। उसके बाद तनुज जाटव एवं आयुष दुबे के व्दारा रीतेश चौरसिया एवं मोहित पटैल के 3 मोबाईल एवं 600/- रूपये लूट लिया। और रीतेश चौरसिया एवं मोहित पटैल के विरोध करने पर वही पास में पड़ी हुयी वीयर की बाटल उठा कर तनुज जाटव के व्दारा रीतेश चौरसिया के सिर में मारी थी जिससे रीतेश चौरसिया का सिर से खून निकल आया था। जो प्रकरण सदर में लूटे गये माल मसरूका को आरोपीगणों से विधिवत जप्त किया गया है। आरोपी तनुज जाटव से एक मोबाईल, आरोपी अव्दुल रसीद से एक मोबाईल एवं एक मोटर साईकिल, आयुष दुबे से एक मोबाईल, कुल मसरूका कीमत एक लाख पन्द्राह हजार साठ रूपये जब्त किये गये। मामले में सराहनीय कार्य करने वाले अधिकारी कर्मचारी – निरी. सुधीर कुमार बैगी, उनि डी पी साहू, प्रआर. वीरेन्द्र, प्रआर भगत, प्रआर राकेश आठ्या, प्रआर सौरभ टण्डन, आर. रोहित राजपूत, मयंक दुबे ( सायबर सेल ), आर. कपिल, आर. नवीन, आर. संदीप कुर्मी, आर. रामसींग, आर. ओमप्रकाश, आर नरेन्द्र, आर.चा. मोहन एवं एनआरएस सदस्य केशव राठौर, हेमन्त यादव का विशेष सहयोग रहा।

दो वर्षो में नकल पर बहुत सख्ती से लगाम लगाई, परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई-कलेक्टर

# अब वार्षिक परीक्षा एक बार नहीं होगी, बल्कि साल में दो बार होगी

दमोह। सबसे अच्छी बात यह है कि जिले के कई विद्यार्थी प्रावीण्य सूची में आए है, जिन्होंने दमोह जिले का नाम रोशन किया है। कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने उन विद्यार्थियों को बधाई और शुभकामनायें दी। उन्होंने कहा पिछली बार से हमारा रिजल्ट सुधरा है, लेकिन निराशाजनक स्थिति यह है, कि पिछली बार की तरह ही सबसे निचली पायदान पर है। इस संबंध में कलेक्टर श्री कोचर ने 2-3 बातें सभी से कहीं है, पहली बात कि पिछले दो वर्षों में नकल पर बहुत सख्ती से लगाम लगाई है और उसमें बहुत ज्यादा सख्ती हुई है, इस कारण से परीक्षाएं पूरी पारदर्शिता के साथ संपन्न हुई है, जो रिजल्ट आया है, सामने है वह बहुत वास्तविक रिजल्ट है। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा हमें यह समझना होगा हमारे बच्चों का अभी वर्तमान में स्तर क्या है, अब इस शिक्षा स्तर को ऊपर उठाके लेकर जाना है, यह एक चुनौती है। दूसरी बात महत्वपूर्ण है, की अभी तक जो फोकस होता है, वह फोकस हमेशा यह होता है, की 10 वीं और 12वीं को देखते हैं, यह 10 वीं और 12 वीं के रिजल्ट सभी जगह फ्लैश होते हैं, लेकिन 1 से 8 वीं को बिल्कुल भूल जाते हैं, जो बच्चे की नींव पड़ती है, पढ़ाई की वह 1 से 8 वीं तक की पड़ती है। अब यदि 1 से 8 वीं में उन विद्यार्थियों की नीव अच्छी नहीं है, उसके बेसिक कॉन्सेप्ट क्लियर नहीं है, तो 9 वीं, 10 वीं, 11 वीं, 12 वीं में फिर नकल का सहारा लेना पड़ता है, या फिर वह अनुत्तीर्ण होते है, तो ऐसी स्थितियों से बचने के लिए शुरुआत में कक्षा 1 से बल्कि प्री प्राइमरी से ध्यान देने की जरूरत पड़ेगी, जब वहाँ से विद्यार्थियों पर ध्यान देने की कोशिश करेंगे, उसके बाद जो जनरेशन निकल के आएंगी वह जनरेशन फिर आपको रिजल्ट देना शुरू करेंगे। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा जिले के रिजल्ट में रातो-रात सुधार नहीं हो सकता है, यह कड़ी मशक्कत का काम है, और कम से कम 4 से 5 साल लेगा तब जाकर के इसके परिणाम देखने के लिए मिलेंगे। इसके लिए तैयारी शुरू करना पड़ेगी अभी हम ये तैयारी कर रहे हैं, की अगले एक से डेढ़ महीने में जब 15 जून से स्कूल खुलेंगे तो सबसे पहले फोकस आंगनवाड़ियों के ऊपर है, जहाँ पर प्री प्राइमरी स्कूल सभी जगह फंक्शनल बहुत अच्छे तरीके से हो जायें इसके लिए 13 से 16 के बीच में आंगनवाड़ी, महिला बाल विकास और स्कूल शिक्षा विभाग की बैठक रखी है और इसकी एक कार्य योजना बना रहे है। इसके साथ ही फिर 1 से 5 वीं और 8 वीं यह तीन क्लासेज ऐसी है, जो की बहुत इम्पोर्टेन्ट जंक्शन होते है, बच्चों की लाइफ में तो इन तीनों क्लासेज में सरकार ने नियम बना रखा है, जैसे एक क्लास का नियम बताऊँ की 1 क्लास में बच्चे को एक से 99 तक की गिनती आनी चाहिए। दूसरी चीज़ उन्होंने बताई कि 30 शब्द प्रति मिनट उसको पढ़ते बनना चाहिए और तीसरी चीज़ बहुत सामान्य से जोड़ करते आना चाहिए जैसे पांच और चार कितने होते है नौ एक अंकों का जोड़ करते आना चाहिए अब यह देखना पड़ेगा कि एक क्लास में जब बच्चा पास होकर के निकलता है, तो उसके अंदर ये बेसिक स्किल्स आये की नहीं आये ऐसा हर क्लास के लिए करते जाना पड़ेगा जब हम यह कर पाएंगे तभी जा करके हम आगे की कक्षाओं में अपने बच्चों को सक्षम बना पाएंगे, इसके लिए ध्यान देने की बहुत ज्यादा जरूरत है। जिस पर काम करना शुरू कर रहे हैं। उन्होंने कहा दो और सेक्शन चिहित किए हैं, प्रबल और प्रखर जो बच्चे इस साल 9 वीं से 10 वीं में गए है, और जिनके 85% से ज्यादा मार्क्स है, उनको पहले दिन से उनके व्हाट्सएप ग्रुप बना दिए है, अभी और उनको शुरुआत से अपनी रडार पर रख रहे है, ताकि उन बच्चों के रिजल्ट और बेहतर 90% से ऊपर आए इसके लिए पहले दिन से उनकी तैयारी कराएँगे। इसी प्रकार दूसरा ग्रुप बनाया प्रबल ग्रुप, जिसमें कमजोर बच्चे है, जो की 33% 45% 50% तक मार्क लेकर के आते हैं, या जो अनुत्तीर्ण होते हैं, इन बच्चों का ग्रुप बना करके इनको शुरू से अलग तरह की तैयारी कराएँगे तो दोनों की अलग-अलग तरीके से तैयारी कराने का काम करेंगे। लास्ट पॉइंट सबसे इम्पोर्टेन्ट है, इस बार से माध्यमिक शिक्षा मंडल ने व्यवस्था को परिवर्तित किया है, और अब वार्षिक परीक्षा एक बार नहीं होगी, बल्कि साल में दो बार होगी और पहले ये व्यवस्था थी कि एक बार वार्षिक परीक्षा होती थी और दूसरी बार सप्लीमेंटरी एग्जाम होती थी तो सप्लीमेंटरी एग्जाम बहुत लाइट्ली लेते थे, लेकिन इस बार व्यवस्थाएँ बदल गई हैं।

### सरस्वती शिशु मंदिर का परिणाम रहा सराहनीय

दमोह। विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर नरसिंहगढ़ बोर्ड कक्षा दसवीं का परीक्षा परिणाम शासन द्वारा घोषित किया गया जिसमें भैया बलराम पटेल ने 94% के साथ कक्षा एवं नरसिंहगढ़ के सभी विद्यालयों में प्रथम स्थान प्राप्त किया भैया दीपेंद्र तिवारी ने 85.4% के साथ द्वितीय स्थान प्राप्त किया, भैया हेमराज पटेल ने 85.2% के साथ तृतीय स्थान प्राप्त किया। तीनों भैया बहनों को विद्यालय के अध्यक्ष बृजेश कुमार पाठक राजा साहब ,विद्यालय के प्राचार्य श्री राजाराम मिश्रा एवं विद्यालय के कार्यालय प्रमुख पुरुषोत्तम लाल चौरहा , कक्षा दशम के कक्षाचार्य परसराम सिंह,ने स्मृति चिन्ह प्रदान कर भैया बहनों को बधाई एवं शुभकामनाएं दी।

# 24 कुंडीय गायत्री महायज्ञ में सैकड़ों परिजन ने यज्ञ भगवान को दी आहुतियां



हटा । विकासखंड के ग्राम देवरा जामशा में चल रहे 24 कुंडीय महायज्ञ में आज दो पारियों में यज्ञ सम्पन्न हुआ। जिसमें सैकड़ो परिजनों ने यज्ञ भगवान को आहुतियां अर्पित की। यज्ञ में गायत्री मंत्र के साथ स्वास्थ्य संवर्धन, अनिष्ट निवारण और दुष्टता के दमन हेतु महाकाली के बीज मंत्रों की आहुतियां भी कराई गईं।यज्ञ में नामकरण और अन्नप्राशन संस्कार भी सम्पन्न कराये गये। शांतिकुंज प्रतिनिधि प्रमोद बारचे ने बताया यह युग परिवर्तन की प्रक्रिया है इसमें सबको भागीदार बनाने हेतु यह आयोजन किया जा रहा है अब इस दुनिया में कोई भी अनाचार कोई भी छल कपट कोई भी भ्रष्टाचार कोई भी गलत चीज नहीं चलेगी क्योंकि अब सतयुग का अवतरण इस धरा पर हो रहा है, अब युग बदल रहा है अगले दिनों देवताओं का राज रहेगा तपस्वियों का राज रहेगा सज्जनों का राज दुनिया में रहेगा। दुष्टता मारी जाएगी दुष्टता को मारा जा रहा है, कूटा जा रहा है, यदि जो समझदारी से मान लें तो अच्छा है, नहीं माने तो जो जिस भाषा में समझेगा उसे उसी भाषा में बताया जाएगा। श्री बारचे ने कहा भगवान चाहता है दुनिया अच्छी बने ,तो दुनिया अच्छी कैसे बनेगी, सज्जनों को ज्ञान है। सज्जनों को उठाया जा रहा है ,जगाया जा रहा है, आओ आप भी अच्छे काम में जुटो। जो दुष्ट हैं जो नहीं मानेंगे उन्हें नष्ट किया जाएगा दोनों तरह से काम चलता है। भगवान क्या करते हैं पवित्राणाय साधुनाम् विनाशाय च दुष्कृताम दोनों काम करते हैं जो अच्छे लोग हैं उन्हें सिखाते हैं समझाते हैं आगे बढ़ाते हैं साथ में लेते हैं जो दुष्ट हैं उनको नष्ट कर देते हैं। यह दोनों काम इस धरती पर बराबर चल रहे हैं।

यह भगवान के साथ जोड़ने का कार्यक्रम है भगवान के साथ कैसे चला जाता है अभी तक हम भगवान के पीछे-पीछे चल रहे थे उनको मना रहे थे। भगवान मान जाओ हमारा अमुक अमुक काम कर दो अब भगवान हमारा कल्याण करने हमारे दरवाजे पर आए हैं। अब हमको उनके लिए कुछ करना पड़ेगा। गीध गिलहरी, रीछ, वानर भी भगवान के साथी, सहयोगी बने।गायत्री परिवार युग परिवर्तन की प्रक्रिया में सबको भगवान के कार्य में भागीदार बनाने हेतु ऐसे यज्ञीय आयोजन करता है गायत्री परिवार कोई पंथ, सम्प्रदाय नहीं वरन युग निर्माण का एक विश्वव्यापी आंदोलन है । महायज्ञ में क्षेत्रीय ग्रामवासियों सहित दमोह जिले की सभी शाखाओं के परिजन प्रतिदिन सम्मिलित हो रहे हैं।

# ज्योति सिंह ने किया नगर में टॉप



हिंडोरिया। स्थानीय विद्या भारती सरस्वती शिशु मंदिर उच्चतर माध्यमिक विद्यालय की छात्रा बहिन ज्योति सिंह ठाकुर D/O श्री दुर्गा सिंह ने दशमी बोर्ड में 500/483 अंक व 96.6 प्रतिशत अंक प्राप्त कर नगर में प्रथम स्थान प्राप्त किया। बहिन प्राची चौरसिया D/O श्री रमेश चौरसिया ने 500/474 अंक व 94.8 % तथा बहिन मधु बसोर D/O श्री उपेंद्र बसोर ने 500/460 अंक व 92% अंक प्राप्त कर माता /पिता व विद्यालय का नाम गौरवान्वित किया। कक्षा बारहवीं बोर्ड में बहिन गायत्री चौरसिया पिता जागेश्वर प्रसाद चौरसिया ने 500/436 , 87 प्रतिशत (गणित समूह) अंक प्राप्त कर विद्यालय में प्रथम स्थान, भैया हर्ष चक्रवर्ती पिता श्री बालमुकुंद चक्रवर्ती 500/409, 81.8 % तथा भैया आरिफ खान/ श्री समीम खान 500/381, 76.2 % अंक प्राप्त किये। सभी भैया/बहिनों ने अपनी सफलता के लिए अपने आचार्य ,दीदियों की प्रेरणा व माता पिता के आशीर्वाद को बताया। विद्यालय के प्राचार्य श्री देवेंद्र कुमार खरे ने सभी भैया / बहिनों को बधाई देते हुए उज्जवल भविष्य की शुभकामनाएं दी।

# स्कूलों में आए 52 प्रतिशत परीक्षा परिणाम के विरोध में एबीव्हीपी ने सौंपा ज्ञापन

दमोह। दमोह जिले में इस वर्ष स्कूलों का परीक्षा परिणाम बेहद निराशाजनक रहा, जहां केवल 52 प्रतिशत विद्यार्थियों ने सफलता हासिल की। इस गिरते शैक्षणिक स्तर को लेकर आज अखिल भारतीय विद्यार्थी परिषद ने गहरी चिंता जताते हुए जिला शिक्षा अधिकारी को ज्ञापन सौंपा। एबीव्हीपी के कार्यकर्ताओं ने जिले के विभिन्न स्कूलों की शिक्षा व्यवस्था पर सवाल उठाते हुए कहा कि इतनी कम सफलता दर से स्पष्ट होता है कि शिक्षा प्रणाली में कहीं न कहीं गंभीर खामियाँ हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि शिक्षकों की कमी, नियमित कक्षाओं का अभाव और परीक्षा से पहले उचित मार्गदर्शन न मिलना जैसे कई कारण छात्रों की विफलता के लिए जिम्मेदार हैं। ज्ञापन सौंपते समय एबीव्हीपी के जिला संयोजक ने कहा हमारी मांग है कि शिक्षण गुणवत्ता में सुधार किया जाए, विषय विशेषज्ञ शिक्षक नियुक्त किए जाएँ और छात्रों को समय पर शैक्षणिक संसाधन उपलब्ध कराए जाएँ। एबीव्हीपी ने चेतावनी दी कि यदि जिला प्रशासन जल्द कोई ठोस कदम नहीं उठाता तो वे आगे और उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होंगे।


## कार्यालय नगर पालिका परिषद हटा जिला दमोह

क्र./लोक निर्माण/निविदा/2025/231 — हटा दिनांक 07/05/2025

**/ / निविदा आमंत्रण सूचना / /**

निम्नलिखित कार्य हेतु केन्द्रीय ई-रजिस्ट्रेशन प्रणाली से म.प्र. लोक निर्माण विभाग में पंजीकृत समस्त ठेकेदारों से ऑनलाइन निविदा आमंत्रित की जाती है। निविदा का विस्तृत विवरण वेबसाईट www.mptenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

| क्र. | टेंडर क्र. जारी दिनांक | कार्य का नाम एवं स्थान | कार्य की समयावधि एवं लागत | निविदा प्रपत्र एवं अमानत राशि | निविदा की अंतिम तिथि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | 2025_UAD_421627_1 08-05-2025 | गौरीशंकर वार्ड में शैलेन्द्र राजपूत से असगर भाईजान एवं मुल्ली बसोर से दमोह पन्ना मार्ग तक सी.सी. रोड निर्माण | 1- 03 माह 2- 12.02 लाख | 1- 2000.00 2- 10000.00 | 09.06.2025 |
| 2 | 2025_UAD_421628_1 08-05-2025 | निकाय क्षेत्रांतर्गत फिस पार्लर निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 11.98 लाख | 1- 2000.00 2- 9000.00 | 09.06.2025 |
| 3 | 2025_UAD_421629_1 08-05-2025 | बस स्टैण्ड से रिपटा पुल तक सी.सी. रोड एवं आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 56.57 लाख | 1- 10000.00 2- 43000.00 | 09.06.2025 |
| 4 | 2025_UAD_421630_1 08-05-2025 | रमाकवि वार्ड में यादव गली के पास गौसिया किराना से झुत्ता पण्डा - मदरसा तक सी.सी. रोड एवं आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 04 माह 2- 28.20 लाख | 1- 5000.00 2- 22000.00 | 09.06.2025 |
| 5 | 2025_UAD_421632_1 08-05-2025 | जज कॉलोनी तक डामरीकृत पहुंच मार्ग का मरम्मत कार्य | 1- 02 माह 2- 4.06 लाख | 1- 2000.00 2- 4100.00 | 24.05.2025 |
| 6 | 2025_UAD_421633_1 08-05-2025 | नवोदय वार्ड में खचना नाका के आगे ककराई पर पुलिया निर्माण कार्य | 1- 02 माह 2- 4.06 लाख | 1- 2000.00 2- 4100.00 | 24.05.2025 |
| 7 | 2025_UAD_421634_1 08-05-2025 | संजय वार्ड में बचपन प्ले स्कूल से मनमोहन पटैल के मकान होते हुए मुख्य मार्ग पर हैण्डपंप के पास आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 02 माह 2- 3.20 लाख | 1- 2000.00 2- 3300.00 | 24.05.2025 |
| 8 | 2025_UAD_421637_1 08-05-2025 | आजाद वार्ड में शरीफ बजाज से जानकी साहू के मकान तक आर.सी.सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 02 माह 2- 7.25 लाख | 1- 2000.00 2- 7300.00 | 24.05.2025 |
| 9 | 2025_UAD_421638_1 08-05-2025 | गांधी वार्ड में स्थित कब्रिस्तान में टीन शेड निर्माण कार्य | 1- 02 माह 2- 6.12 लाख | 1- 2000.00 2- 6200.00 | 24.05.2025 |
| 10 | 2025_UAD_421641_1 08-05-2025 | गौरीशंकर वार्ड में सीताराम बंसल के मकान से नारायण पटैल के मकान तक आर.सी. सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 02 माह 2- 2.57 लाख | 1- 2000.00 2- 2600.00 | 24.05.2025 |
| 11 | 2025_UAD_421643_1 08-05-2025 | गौरीशंकर वार्ड में जितेन्द्र जैन के मकान से रामप्रसाद जैन के मकान होते हुए चौक तक सी.सी. रोड एवं आर. सी. सी. नाली निर्माण कार्य | 1- 02 माह 2- 3.50 लाख | 1- 2000.00 2- 3000.00 | 24.05.2025 |

नोट :- निविदा में किसी भी प्रकार के संशोधन का प्रकाशन ऑनलाइन www.mptenders.gov.in की बेवसाइट पर ही प्रकाशित किया जावेगा, पृथक से समाचार पत्रों में प्रकाशन नही किया जावेगा ।

अध्यक्ष
नगर पालिका परिषद
हटा जिला दमोह

मुख्य नगर पालिका अधिकारी
नगर पालिका परिषद
हटा जिला दमोह



प्रदेश के मुख्यमंत्री करेंगे दिव्य और भव्य लोक का भूमिपूजन

# श्री जागेश्वरनाथ लोक बांदकपुर का भूमिपूजन आज

## बांदकपुरवासियों को पीले चावल देकर भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने दिया निमंत्रण





हरिभूमि न्यूज ▶▶ दमोह

प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी, पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल, सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी, विधायक दमोह जयंत कुमार मलैया ने बांदकपुर पहुंचकर कार्यक्रम स्थल का जायजा लिया। उन्होंने पीले चांवल देकर ग्रामवासियों को कॉरीडोर भूमिपूजन के लिये आमंत्रित किया और भगवान जागेश्वरनाथ माता पार्वती के दर्शन कर कार्यक्रम को सफल बनाने के लिये प्रार्थना की। इस अवसर पर डीआईजी सुनील कुमार जैन, कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर, पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी, जनप्रतिनिधिगण, जिला प्रशासन एवं पुलिस प्रशासन के अधिकारीगण मौजूद थे। इस अवसर पर प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धार्मिक न्यास एवं धर्मस्व राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बहुत दिनों से सारे लोग प्रतीक्षा कर रहे थे की जागेश्वर लोक का भूमि पूजन कब होगा तो वह शुभ घड़ी आ रही है। प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉक्टर मोहन यादव जी हम सबके बीच में होंगे और बांदकपुर जागेश्वरनाथ लोक का भूमि पूजन करेंगे। यहां बहुत दिव्य और भव्य कार्यक्रम होगा। राज्यमंत्री श्री लोधी ने बताया कॉरीडोर भूमिपूजन कार्यक्रम में प्रसिद्ध गायिका अभिलिप्सा पांडा भी सबके बीच में होंगी, जो शिव भजनों की मधुर प्रस्तुति देकर शमां बाधने का काम करेंगी। राज्यमंत्री श्री लोधी ने नागरिकों से आग्रह किया हैं अधिक से अधिक संख्या में पधार कर जागेश्वरनाथ लोक के भूमि पूजन कार्यक्रम में सभी पधारे। उन्होंने कहा आज सांसद राहुल सिंह जी, श्री राज्यमंत्री लखन पटेल जी, विधायक श्री मलैया जी के साथ सब लोगों को पीले चावल देकर लोगों को आमंत्रित करने का काम किया है। यहां दिव्य और भव्य कार्यक्रम संपन्न होगा, यह एक बड़ी उपलब्धि जागेश्वरनाथ लोक के रूप में पर्यटन विभाग के द्वारा प्राप्त होगी, यह बहुत भव्य लोक बनके तैयार होगा।

प्रदेश के पशुपालन एवं डेयरी विभाग राज्यमंत्री स्वतंत्र प्रभार लखन पटेल ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी बांदकपुर कॉरिडोर के भूमि पूजन अवसर पर पधार रहे हैं। मुख्यमंत्री जी के स्वागत की तैयारियां का जायजा लिया गया हैं। साथ ही बांदकपुर ग्राम में सभी को पीले चावल देकर निमंत्रण दिया गया हैं। साथ ही साथ बांदकपुर का विकास भी तेज गति से होगा, दमोह बांदकपुर मिलने में 10 साल से ज्यादा का समय नहीं लगेगा दमोह-बांदकपुर एक हो जायेंगे।

राज्यमंत्री श्री पटेल ने कहा जिस तरीके से कॉरिडोर की योजना बनी और इसका काम होना है, ये बहुत ही दर्शनीय, भव्य और दिव्य होगा। उन्होंने कहा मेरी ओर से मुख्यमंत्री जी और राज्यमंत्री श्री धर्मेन्द्र जी का भी बहुत-बहुत धन्यवाद, जिनकी वजह से दमोह जिले में सौगात दी उसके लिए उनका बहुत बहुत आभार।

सांसद दमोह राहुल सिंह लोधी ने कहा बड़ी प्रसन्नता का विषय है, कि प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉं मोहन यादव जी का आगमन हो रहा है, व्यवस्थाओं का जायजा लिया गया, सारी तैयारी हो गई हैं। पीले चावल देकर पूरे बांदकपुर में सभी लोगों को आमंत्रित किया हैं। पहले बुंदेलखंड खजुराहो के नाम से जाना जाता था लेकिन जब यह कॉरिडोर बन के तैयार होगा, जब बुंदेलखंड का नाम लिया जाएगा तो बॉदकपुर प्रथम स्थान पर निकल कर आएगा। आने वाले समय में संपूर्ण बुंदेलखंड बांदकपुर के नाम से जाना जाएगा। सांसद श्री लोधी ने कहा प्रत्यक्ष और अप्रत्यक्ष रूप से महादेव जी ने सबको कुछ दिया है, कल वह तारीख तय हो गई है, कॉरिडोर का निर्माण प्रारंभ हो रहा है।

सांसद श्री लोधी ने सभी लोगों से आग्रह करते हुए कहा इस पल के साक्षी बनें और अधिक से अधिक संख्या में यहाँ पहुंचे। यहाँ क्षेत्र में भी सभी को आज पीले चावल देकर आमंत्रित किया है, साथ में बड़ी संख्या में अलग-अलग ग्राम पंचायत के सरपंच भी आए हैं, सभी लगे हुए हैं, यह कार्यक्रम भव्य और दिव्य बनेगा। उन्होंने कहा मुझे पूर्ण भरोसा है जिस प्रकार का जोश और उत्साह आज यहाँ देखने मिल रहा है कल भूतों न भविष्यति होने वाला हैं। इतिहास के पन्नो में 9 मई का समय दर्ज होने वाला है।

पूर्व मंत्री एवं दमोह विधायक जयंत कुमार मलैया ने कहा प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव बांदकपुर कॉरिडोर के प्रथम चरण का भूमि पूजन करने के लिए आ रहे है। श्री मलैया ने सभी लोगों से आग्रह किया हैं, कि ज़्यादा से ज़्यादा संख्या में माताएं बहनें और सारे नौजवान लोग यहाँ पधारें और मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव का स्वागत करें। उन्होंने कहा आज सभी जनप्रतिनिधिगण पीले चावल देकर दुकान-दुकान, घर-घर कॉरिडोर के भूमिपूजन कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया हैं।

डी.आई.जी सागर सुनील कुमार जैन ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव के प्रस्तावित बांदकपुर कार्यक्रम की तैयारियों का जायजा लिया गया हैं। इस दौरान हेलीपैड, मंदिर, सड़क, सभा स्थल आदि व्यवस्थाओं का निरीक्षण किया है। समुचित सुरक्षा व्यवस्था के सबंध में पुलिस अधीक्षक को निर्देश दिए गये हैं। उन्होंने कहा अच्छी व्यवस्था की गई ताकि सभी कार्यक्रम अच्छे से शांतिपूर्वक संपन्न करा लिये जाए।

कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव अपराह 03:10 बजे बांदकपुर आयेंगे और 6 बजे तक यहाँ पर रहेंगे। इस बीच हेलीपैड से सीधे बांदकपुर मंदिर पहुँचेंगे, यहाँ मुख्यमंत्री जी भगवान जागेश्वरनाथ जी के दर्शन-पूजन करेंगे और इसके बाद सीधे सभा स्थल पर पहुँचेंगे। सभा स्थल पर मंच कार्यक्रम के अलावा बांदकपुर पर केंद्रित एक पुस्तिका का विमोचन, एक वीडियो का प्रदर्शन होगा और सांस्कृतिक कार्यक्रम में अभिलिप्सा पांडा प्रसिद्ध गायिका भगवान शिव पर आधारित गीत प्रस्तुत करेंगी। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा अन्य सांस्कृतिक कार्यक्रम की स्थानीय कलाकार प्रस्तुति देगें। उन्होंने कहा एक बहुत विशेष बात मंच पर साधु-संत भी होंगे, जो की इस कार्यक्रम के साक्षी बनेगें। इस प्रकार से एक भव्य और दिव्य कार्यक्रम आयोजित करने की तैयारी हैं।

**बांदकपुर के प्राचीन इतिहास को लेकर के एक पुस्तिका का होगा विमोचन**

**ममलेश्वर, महाकालेश्वर और जागेश्वरनाथ तीनो जगह की मिट्टी का मिश्रण करके शिवलिंग का निर्माण कर पूजन अर्चन भी करेगें मुख्यमंत्री डॉ मोहन यादव**

### यातायात व्यवस्था में परिवर्तन

**दमोह।** जिले के ग्राम बांदकपुर में प्रदेश के मुख्यमंत्री के प्रस्तावित भ्रमण को दृष्टिगत रखते हुये यातायात व्यवस्था के सुचारू रूप से संचालन हेतु पुलिस अधीक्षक श्रुतकीर्ति सोमवंशी के निर्देशन में पार्किंग, डायवर्सन मार्ग निर्धारित किये है। यातायात प्रभारी अधिकारी दलबी सिंह मार्को ने बताया आनू तिराहा से बांदकपुर जाने वाले समस्त प्रकार के वाहन दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक प्रतिबंधित रहेंगे (इमरजेंसी वाहनों को छोडकर), समन्ना तरफ से बांदकपुर जाने वाले वाहन आनू तिराहा - आनू फाटक- बांदकपुर चौराहा होते हुये जायेगें। लाल रंग से चिन्हित व्हीआईपी रूट चौपर लैण्ड/टेकऑफ होने के 30 मिनट पूर्व पूर्णतः सेनेटाईज किया जायेगा। बांदकपुर होते हुये जाने वाले सभी रूटीन यात्री बसें एवं भारी वाहन दोपहर 12 बजे से शाम 7 बजे तक अन्य वैकल्पिक मार्गों से आवागमन करेगी। उन्होंने बताया व्हीआईपी पार्किंग हैलीपैड के सामने आनू रोड, घनश्याम मैरिज गार्डन के सामने, हिंण्डोरिया/बांदकपुर चौराहा से आने वाले वाहनों हेतु घनश्याम मैरिज गार्डन के बगल से (मानव सोनी का खेत), ज्ञानदीप लाइब्रेरी के पास (टावर वालाखेत), हलगज रोड से आने वाले वाहनों हेतु वेयर हाउस के पास खेत, यादव जी का खेत हलगज रोड, सलैया रोड से आने वाले वाहनों हेतु महर्षि आश्रम के आगे पार्किंग पार्किंग निर्धारित किये गये है।

## कॉरीडोर बनने के बाद ऐसा दिखेगा हमारा बांदकपुर



## 100 करोड़ की लागत से बांदकपुर में भव्य कॉरिडोर बनके तैयार होगा, पांच चरणो में होगा पूरा काम- राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह

दमोह। जिले के बांदकपुर धाम में कॉरीडोर निर्माण को लेकर भूमि पूजन के उद्देश्य से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव आज 09 मई 25 को अपरान्ह 3 बजे आगमन हो रहा है। लगभग 30 मिनट का समय वहाँ पर पूजा पाठ, अभिषेक के लिए और उसके बाद 1 घंटे का कार्यक्रम सभा स्थल कुल मिलाकर 1.30 घंटे का कार्यक्रम रखा गया है। कार्यक्रम में अभिलिप्सा पांडा जो विश्व प्रसिद्ध भजन गायिका हैं, वह भी हमारे इस कार्यक्रम में संस्कृति विभाग की ओर से प्रस्तुति देगी। इसी के मद्देनजर आज प्रदेश के संस्कृति, पर्यटन, धर्मस्व एवं धार्मिक न्यास (स्वतंत्र प्रभार) राज्यमंत्री धर्मेन्द्र सिंह लोधी ने बताया प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का आगमन आज 09 मई को बांदकपुर जागेश्वरधाम की भूमि में भूमि पूजन के लिये हम सबके बीच में पधार रहे है। भूमिपूजन के पश्चात कार्य प्रारंभ हो जायेगा। देव श्री जागेश्वरनाथ लोक बांदकपुर निर्माण की पहली श्रृंखला में स्वीकृत राशि 9.98 करोड़ से प्रथम चरण में मुख्य प्रवेश द्वार, सुगमता क्षेत्र (कतर क्षेत्र, प्रशासनिक क्षेत्र, सहायता केंद्र, जूता घर), व्यावसायिक दुकानें, गौशाला, हवन क्षेत्र, पाथवे एवं लैंडस्केप आदि का कार्य सवारियां कंस्ट्रक्शन, छतरपुर द्वारा किया जा रहा है। देव श्री जागेश्वरनाथ लोक बांदकपुर के प्रस्तावित कार्य मौजूदा भवन का नवीनीकरण जिसके अन्तर्गत टेम्पल शॉप, केंटीन, विवाह मंडप(कथा हाल) धर्मशाला, किचन ब्लॉक, बावड़ी का जीर्णोद्धार, मंदिर परिसर के अन्तर्गत अगंतुक सुविधा केंद्र, भजन हॉल, पूजा हॉल, एड्मिन हॉल, अन्न क्षेत्र एवं व्यावसायिक एरिया तथा मंदिर के बाहर सुविधा केंद्र, व्यावसायिक कॉम्पलेक्स(मैरिज हॉल, धर्मशाला, दुकाने) फूड कोर्ट, व्याख्या केंद्र, संस्कृत स्कूल, बॉयज और गर्ल्स हॉस्टल, टीचर्स कॉर्टर, ध्यान केंद्र, ओपन एयर थियटर, पार्किंग, गौशाला, कल्वर्ट, एंट्रेस गेट, बाउन्ड्री वॉल, आंतरिक एवं बाह्य विद्युतीकरण कार्य किया जाना प्रस्तावित है। कॉरीडोर 5 चरणों में पूरा होगा और निश्चित रूप से 100 करोड़ का भव्य कॉरिडोर आने वाले समय में बन के तैयार होगा। पूर्व वित्तमंत्री व वर्तमान दमोह विधायक जयंत मलैया ने कहा मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी का बॉदकपुर जागेश्वरनाथ में आगमन होगा और मुख्यमंत्री डॉ. यादव बॉदकपुर में एक विशाल जनसभा को संबोधित करेगें। उन्होंने कहा पंचम नगर, सीतानगर, सतधरू के बाद बांदकपुर लोक बनेगा, इस बार मैने अपने संकल्प पत्र में भी लिखा था, सरकार बनते ही सबसे पहले सरकार ने बादकपुर लोक का निर्माण कार्य शुरू करवाया हैं। अयोध्या, काशी, बनारस आदि इस तरह की जगहों पर निर्माण होने के बाद पर्यटन बढ़ा हैं, बांदकपुर लोक बनने के बाद निश्चित ही यहां पर भी पर्यटन बढ़ेगा।

## क्षिप्रा, नर्मदा सहित सात नदियों के पवित्र जल से मुख्यमंत्री करेंगे जागेश्वरनाथ जी का अभिषेक-कलेक्टर

**दमोह।** कलेक्टर सुधीर कुमार कोचर ने जिले के नागरिकों से कहा है जिले के लिये बहुत ही ऐतहासिक अवसर है, जब पूज्य जागेश्वर धाम की धरती बांदकपुर में कॉरिडोर के निमार्ण, जिसको देव श्री जागेश्वरनाथ लोक की संज्ञा दी गई है, इसका भूमिपूजन मुख्यमंत्री जी के कर कमलो से आज 09 मई को अपरान्ह 3 बजे होने जा रहा है और लगभग 5.45 बजे तक मुख्यमंत्री यहॉ पर रहेंगे। इस गरिमामय कार्यक्रम में मुख्यमंत्री जी सर्वप्रथम हैलीपेड से बांदकपुर मंदिर में जागेश्वरनाथ भगवान का दर्शन पूजन करेंगे, उसके बाद प्रदर्शनी का अवलोकन करेगें, सभा को संबोधित करेगें । इस कार्यक्रम के लिए संस्कृति विभाग की ओर से प्रख्यात गायिका अभिलिप्सा पांडा लोक संस्कृति और अध्यात्म के रंग बिखेरेंगी, इसके अलावा स्थानीय कलाकारों के माध्यम से भी कुछ मंच प्रस्तुति दी जाएगी । यह भव्य कार्यक्रम रूद्र मैदान बांदकपुर में होने जा रहा है। उन्होंने कहा कल भी पुलिस अधीक्षक के साथ बांदकपुर मे थे, प्रशासनिक अधिकारी बांदकपुर में व्यवस्था को चाक-चौबंद बनाने के लिये प्रयत्नशील है। कलेक्टर श्री कोचर ने बताया बांदकपुर के प्राचीन इतिहास को लेकर के एक पुस्तिका तैयार की जा रही है, जिसका विमोचन मुख्यमंत्री जी के कर कमलों से कराया जाना प्रस्तावित है, इसके अलावा बांदकपुर पर एक लगभग 3 मिनिट की वीडियो फिल्म का प्रसारण कराया जाना भी प्रस्तावित है, इसके साथ ही दमोह जिले की पॉच नदी और क्षिप्रा व नर्मदा नदी इस प्रकार से सात नदियों का पवित्र जल लाया गया है, इस पवित्र जल से मुख्यमंत्री भगवान जागेश्वरनाथ जी का अभिषेक करेगें ऐसा कार्यक्रम तैयार किया है। इसके साथ में ममलेश्वर, महाकालेश्वर और जागेश्वरनाथ तीनों जो भगवान शिव के पवित्र स्थान है, वहॉ से पवित्र मिट्टी को लाया गया है, तीनो जगह की मिट्टी का मिश्रण करके शिवलिंग का निमार्ण भी किया जायेगा जिसका पूजा अर्चन भी मुख्यमंत्री जी करेगें। कलेक्टर श्री कोचर ने कहा पार्किंग की पर्याप्त व्यवस्था की गई है, 5 जगह पर पार्किंग बनाई हुई है। रेलवे क्रासिग पर भी पुलिस और प्रशासन ने अपने अधिकारियों को तैनात किया है, ताकि रेल विभाग के साथ भी संपर्क बना रहे । सीनियर डीसीएम से इस बारे में चर्चा भी हुई है, उन्होनें भी आश्वासन दिया है, रेलवे और प्रशासन के बीच पूरा संपर्क रहेगा ताकि किसी प्रकार की दिक्कत आगंतुको को बिल्कुल ना हो । कार्यक्रम स्थल आने के लिये के लिये दो रास्ते रहेगे। जिसमें से मुख्यमंत्री का काफिला गुजरेगा वह रास्ते लगभग 30-45 मिनट पहले ही बंद कर दिये जायेगें उसके पहले आवागमन सुचारू रूप से लोगों का चलता रहेगा ।

